वार्षिक रिपोर्ट

उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन, इलाहाबाद

सन् १९५४—५५ ई०

मुद्रक :

अधीक्षक, राजकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

१९५७

विषय सूची

परिशिष्ट

प्राक्कथन

भारत संविधान के अनुच्छेद ३२३, खंड (२) के अनुसार पब्लिक सर्विस कमीशन, उत्तर प्रदेश, सन् १९५४–५५ ई० की अपनी वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत करता है।

नफीसुल हसन, अध्यक्ष,
पीताम्बर दत्त पाण्डे, सदस्य,
तेजस्वी प्रसाद भल्ला, सदस्य,
राधा कृष्ण, सदस्य।

इलाहाबादः
११ सितम्बर, १९५६ ई०।

उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के सन् १९५४-५५ ई० के कार्य की वार्षिक रिपोर्ट

१—कमीशन के सदस्य

श्री के० एम० लाल, एम० ए०, एल-एल० बी०, ३० दिसम्बर, १९५४ तक अध्यक्ष रहे। तत्पश्चात् ६० वर्ष की आयु के हो जाने पर वे अपने पद से अलग हुये। १ जुलाई, १९५४ को उन्होंने सेवा निवृत्ति की तैयारी में ४ महीने की छुट्टी के लिये जो उन्हें प्राप्य थी, आवेदन-पत्र दिया था, किन्तु सरकार ने इस छुट्टी को जनहित में अस्वीकार करके उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (सेवा की शर्तें) विनियमों के विनियम ९(३) के अधीन पद से अलग होने की तिथि अर्थात् ३१ दिसम्बर, १९५४ से स्वीकार किया। किन्तु उत्तर प्रदेश के एकाउन्टेन्ट जनरल ने इस पर यह आपत्ति उठाई है कि पदावधि की तिथि के बाद छुट्टी देने का अर्थ हो जाता है सेवा में वृद्धि करना, जो संविधान के अनुच्छेद ३१६(२) के बाहर है और अभी तक छुट्टी के वेतन की अनुमति नहीं दी है।

श्री नफीसुल हसन, एम० ए०, एल-एल० बी०, १७ जनवरी, १९५५ तक सदस्य के रूप में कार्य करते रहे और उसके बाद अध्यक्ष नियुक्त किये गये। ३१ दिसम्बर, १९५४ से १७ जनवरी, १९५५ तक सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त उन्होंने अध्यक्ष के प्रशासकीय कार्यों का भार भी संभाला।

श्री पीताम्बर दत्त पाण्डे, एम० ए०, वर्ष भर सदस्य बने रहे। श्री नफीसुल हसन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हो जाने पर सदस्य का जो स्थान रिक्त हुआ उसमें श्री तेजस्वी प्रसाद भल्ला, एम० ए०, एल-एल० बी०, ने २५ जनवरी, १९५५ से तीसरे सदस्य के रूप में पद-भार ग्रहण किया।

२—कमीशन के कर्मचारी

श्री राम नरेश लाल, एम० ए०, एल-एल० बी०, ३० सितम्बर, १९५४ तक कमीशन के सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करते रहे। तत्पश्चात् उनकी नियुक्ति स्थायी रूप से हो गई। श्री शिवलाल ३० सितम्बर, १९५४ तक कमीशन के सहायक सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करते रहे और तत्पश्चात् श्री राम नरेश लाल के स्थान में उक्त पद पर स्थायी रूप से नियुक्त किये गये। श्री एस० जेड० हसनैन कमीशन के अतिरिक्त सहायक सचिव के अस्थायी पद पर वर्ष भर स्थानापन्न रूप से कार्य करते रहे।

२—आलोच्य वर्ष में अवर वर्ग सहायक (Lower Division Assistant) के दो नये पद सृजित किये गये और अतिरिक्त सहायक सचिव तथा सामान्य विभाग में निर्देश लिपिक के अस्थायी पदों की अवधि एक वर्ष तक और बढ़ा दी गई।

निम्नलिखित प्रस्ताव १९५५-५६ की नयी मांगों की सूची में फिर रक्खे गये :—

(१) निर्देश लिपिक के उपर्युक्त अस्थायी पद को स्थायी करना,

(२) अतिरिक्त सहायक सचिव के अस्थायी पद को एक वर्ष और चलते रहने देना, तथा

(३) सहायक अधीक्षक के एक नये पद का निर्माण।

प्रवर वर्ग सहायक (Upper Division Assistant) के दो तथा अवर वर्ग सहायक के दो नये पदों के निर्माण का भी एक प्रस्ताव उसी सूची में सम्मिलित कर दिया गया। पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्यालय में अब कार्य अधिक बढ़ गया है और उसके लिये विद्यमान कर्मचारीगण अपर्याप्त हैं। १९४८-४९ से १९५४-५५ तक के कमीशन के काम के आंकड़ों का एक तुलनात्मक विवरण परिशिष्ट १ में दिया गया है।

३--सदा की भांति इस वर्ष भी २,००० की इकट्ठी धनराशि स्वीकृत हुई, जो कमीशन के अध्यक्ष के अधिकार में रक्खी गयी ताकि कार्यालय में आकस्मिक कार्य-वृद्धि होने पर जब जब आवश्यकता पड़े वे अघोषित (नान-गजटेड) लिपिकों के अस्थायी पदों की स्वीकृति दे सकें। इस अनुदान का पूर्ण उपयोग हुआ।

३—आय तथा व्यय

कमीशन की आय की धनराशि गत वर्ष ३,५८,४५७ रु० थी, जोकि इस वर्ष बढ़ कर ४,०७,६४५ रु० हो गई, अर्थात् ४९,१८८ रु० की वृद्धि हुई। कमीशन द्वारा संचालित अनेक प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि तथा आवेदन प्रपत्र का मूल्य १ रु० से बढ़ाकर २ रुपये कर दिया जाना ही इस वृद्धि का मुख्य कारण है।

२--इस वर्ष कुल व्यय ४,५८,१९७ रु० हुआ जबकि गत वर्ष कुल व्यय ४,४०,९९३ रु० हुआ था। व्यय में १७,२०४ रु० की वृद्धि कार्यालय के कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि तथा परीक्षाओं एवं डाक के टिकटों पर ज्यादा व्यय होने के कारण हुई।

४--कमीशन की बैठकें

विभिन्न परीक्षाओं तथा चुनाव के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व तथा मौखिक परीक्षा लेने के लिये कमीशन ने इस वर्ष में १९० दिन अपनी बैठकें कीं। उत्तर प्रदेश कृषि सेवा, प्रथम वर्ग के अधीन कृषि इंजीनियर के दो पदों पर पदोन्नति करने के लिये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार १६ जून, १९५४ को नैनीताल में हुआ। शेष सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार इलाहाबाद में ही हुआ। जो कार्य लेख द्वारा तय न हो सके वे सदा की भांति कमीशन की बैठकों में विचार विनिमय करने के पश्चात् तय हुये।

२--श्री नफीसुल हसन, कमीशन के तत्कालीन सदस्य, ने उस तदर्थ समिति का सभापतित्व किया, जिसकी बैठक संक्षिप्त एम० बी०, बी० एस० कोर्स में भर्ती करने के हेतु पी० एस० एम० एस० अधिकारियों का चुनाव करने के लिये २४ जुलाई, १९५४ को लखनऊ में हुई।

५--परीक्षा द्वारा भर्ती

कमीशन ने इस वर्ष निम्नलिखित सेवाओं और पदों के लिये परीक्षायें लीं:--

(१) कानूनगो।
(२) रेन्जर्स कोर्स, १९५५-५७।
(३) वरिष्ठ वन सेवा डिप्लोमा कोर्स, १९५५-५८।
(४) उत्तर प्रदेश सिविल इक्जीक्यूटिव तथा उत्तर प्रदेश पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिये संयुक्त परीक्षा।
(५) उत्तर प्रदेश सचिवालय में अवर वर्ग सहायक।
(६) उत्तर प्रदेश सचिवालय में प्रवर वर्ग सहायक।
(७) कलेक्शन नायब तहसीलदार-आर्तव कर्मचारिवर्ग (seasonal staff) के लिये सुरक्षित।
(८) उत्तर प्रदेश रेवेन्यू इक्जीक्यूटिव सर्विस में नायब तहसीलदार।
(९) कलेक्शन नायब तहसीलदार।
(१०) उत्तर प्रदेश सिविल जुडीशियल सर्विस।

२—एक ऐसा विज्ञापन भी निकाला गया था, जिसमें इस कमीशन के अध्यक्ष के हिन्दी आशु लिपिक के पद को प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा भरने के लिये आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये गये थे; किन्तु इसके लिये इस वर्ष के अन्त तक परीक्षा न हो सकी।

३—उपर्युक्त कंडिका १ के मद ४ तथा ७ से १० में वर्णित परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षायें (Personality Tests) वर्ष के अन्त तक न हो सकीं। गत वर्ष जो संयुक्त स्टेट सर्विसेज के लिये परीक्षा हुई थी, उसके सम्बन्ध में इस वर्ष व्यक्तित्व परीक्षायें अप्रैल तथा मई, १९५४ में हुईं।

४—इस वर्ष विभिन्न परीक्षाओं में बैठने के लिये कुल ९,७२० आवेदन-पत्र आये। आवेदकों में से ७,७१३ को परीक्षाओं में बैठने की आज्ञा प्रदान की गई; किन्तु केवल ६,३०७ उन परीक्षाओं में भाग लिये। कमीशन ने वर्ष में २५१ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया और उनमें से १७० अभ्यर्थियों को चुन कर नियुक्ति के लिये स्वीकृत किया। सभी मामलों में कमीशन का परामर्श मान लिया गया। उपर्युक्त सभी परीक्षाओं के सम्बन्ध में आंकड़ा सम्बन्धी पूरी सूचना परिशिष्ट २ में दी हुई है।

५—कानूनगो के पदों के लिये अनुसूचित जातियों के वास्ते ९ रिक्त स्थान सुरक्षित थे, जिनके लिये अनुसूचित जातियों के केवल दो अभ्यर्थी उपलब्ध हुये। शेष सभी परीक्षाओं में ऐसी जातियों के उपयुक्त अभ्यर्थी आवश्यक संख्या में उपलब्ध थे और कमीशन ने उन्हें नियुक्ति के लिये संस्तुत किया।

६—फारेस्ट रेन्जर्स कोर्स, १९५५-५७ में भर्ती करने के लिये अनुसूचित जातियों के उपयुक्त अभ्यर्थियों के हेतु सुरक्षित दो रिक्त स्थानों के लिये कमीशन ने उन जातियों के चार अभ्यर्थियों को उपयुक्त समझा और यह संस्तुति की कि प्रशिक्षण के लिये संकेतित अधिमान क्रम में उन्हीं में से चुनाव किया जाय। वन विभाग के चीफ कन्जरवेटर (मुख्य संरक्षक), उत्तर प्रदेश ने भर्ती के लिये प्रथम दो को चुना, किन्तु उनमें से एक इंडियन फारेस्ट रेन्जर्स कालेज, देहरादून में भर्ती होने नहीं गया। उसके स्थान में दूसरा अनुसूचित जाति का अभ्यर्थी चुना गया, किन्तु वह भी नहीं गया। तत्पश्चात् उसके स्थान में वन विभाग के चीफ कन्जरवेटर ने अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये सुरक्षित रिक्त स्थान के लिये सामान्य सूची में से प्रथम अनिर्वाचित अभ्यर्थी को चुन लिया, क्योंकि वह उसी स्थान पर उपलब्ध था और वह पहले से वन के वातावरण में रहा था तथा वह दो मास पूर्व से प्रारम्भ प्रशिक्षण की क्षति की पूर्ति कर सकता था। कमीशन के विचार में यह एक ऐसा मामला था, जिसमें शासन की आज्ञाओं का उल्लंघन हुआ था, जिसके फलस्वरूप अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था और उन्होंने इसका प्रतिवेदन शासन को किया। शासन ने सूचित किया कि चीफ कन्जरवेटर की गलती के लिये उसके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जा रही है और यह प्रस्ताव किया कि अनुसूचित जाति के चौथे अभ्यर्थी को आगामी प्रतियोगितात्मक परीक्षा में बैठाये बिना ही फारेस्ट रेन्जर्स कोर्स १९५६-५८ में भर्ती कर लिया जाय। कमीशन इससे सहमत हुआ।

७—उत्तर प्रदेश सबार्डिनेट रेवेन्यू इक्जीक्यूटिव (नायब तहसीलदार) सेवा में भर्ती के लिये परीक्षा मूलतः नवम्बर, १९५४ में होने वाली थी; किन्तु कलेक्शन नायब तहसीलदार के पदों के लिये चुनाव करने के सम्बन्ध में शासन से एक अधिग्रहण (requisition) प्राप्त होने पर कमीशन ने दोनों के लिए एक संयुक्त परीक्षा लेने का निश्चय किया। यह परीक्षा फरवरी, १९५५ के अंतिम सप्ताह में हुई। इस परीक्षा में बैठने वालों की संख्या तीन हजार से ऊपर थी। अतः ६ केन्द्रों में परीक्षा लेनी पड़ी—चार इलाहाबाद में तथा दो लखनऊ में। उत्तर प्रदेश सचिवालय के प्रवर तथा अवर वर्ग सहायकों की परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या भी अधिक थी। अतः वे परीक्षायें भी इलाहाबाद तथा लखनऊ में हुईं। अन्य परीक्षायें इलाहाबाद में ली गईं। कमीशन के अध्यक्ष, श्री नफीसुल हसन, लखनऊ में प्रवर वर्ग सहायकों की परीक्षा के प्रबन्ध का निरीक्षण करने वहां गये। अवर वर्ग सहायकों की परीक्षा के प्रबन्ध का निरीक्षण करने के लिये श्री शिव लाल, कमीशन के सहायक सचिव को भेजा गया।

८—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निम्नलिखित तीन परीक्षाओं की समालोचनायें प्रकाशित की गईं :—

(१) उत्तर प्रदेश सिविल (जुडिशियल) सेवा परीक्षा, १९५३,
(२) उत्तर प्रदेश वन सेवा परीक्षा, १९५३, तथा
(३) संयुक्त स्टेट सर्विसेज परीक्षा, १९५३।

९—चुनाव द्वारा भर्ती

इस वर्ष कमीशन ने १,१८३ पदों के लिये चुनाव किया। इस सम्बन्ध में ५,५८५ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये। २,०२४ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया और १,१६९ अभ्यर्थी चुने गये। इनके विस्तृत विवरण परिशिष्ट ३ में दिये गये हैं। इन संख्याओं में सदा की भांति वे पद भी सम्मिलित हैं, जिनके लिये गत वर्ष के अन्त के समय विज्ञापन निकाले गये थे। इसी प्रकार प्रतिवेदनाधीन वर्ष अर्थात् १९५४-५५ के अन्त के समय विज्ञापित कुछ पदों के लिये आवेदन-पत्रों की प्राप्ति की तिथियां वर्ष का अन्त होने के पश्चात् पड़ीं। परिशिष्ट के अभ्युक्ति स्तम्भ (remarks column) का अवलोकन करने से ज्ञात हो जायगा कि कुछ प्रकरणों में विज्ञापित रिक्त स्थानों की संख्या में बाद में वृद्धि कर दी गई। मद संख्या २०३ और २०८ के सामने लिखित चौधरी मुख्तार सिंह गवर्नमेंट पालीटेक्निक, मेरठ के लिये सोल्डरिंग और वेल्डिंग मेकेनिक और ब्लैकस्मिथ (हाई क्लास) के पदों के लिये कोई आवेदन-पत्र नहीं प्राप्त हुये, और मद सं० ६० के सामने लिखित पद के लिये केवल एक ही अभ्यर्थी प्रत्यक्षतः उपयुक्त पाया गया; किन्तु उसके अपने विभाग ने उसको मुक्त नहीं किया। ४० पदों के लिये, जिनके वास्ते प्रविधिक योग्यताओं की जरूरत थी और जिनमें से अधिकांश उद्योग विभाग से सम्बन्धित थे, १४५ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये, किन्तु उनमें से कोई प्रत्यक्षतः पात्र अथवा उपयुक्त नहीं पाया गया। मद सं० १९५ के सामने लिखित बकेवर (जिला इटावा) के पाइलट वर्कशाप के सीनियर इंसट्रक्टर के पद के लिये उच्चतर वेतन-क्रम तथा समस्त भारत में अधिवास के विस्तार की व्यवस्था के साथ निकाला गया दूसरा विज्ञापन भी व्यर्थ सिद्ध हुआ। ऐसे मामलों में कमीशन ने सुझाव दिया कि निर्धारित अनुभव को कम करके, वेतन में वृद्धि करके, अधिवास का विस्तार समस्त भारत का करके अथवा अन्य ऐसी ही शिथिलताओं की व्यवस्था करके, पदों को फिर से विज्ञापित किया जाय अथवा कमीशन द्वारा चुने गये अभ्यर्थी को भारत या विदेश की किसी प्रविधिक (technical) संस्था में प्रशिक्षण दिया जाय अथवा सम्भावित स्रोतों से पत्र-व्यवहार द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थी प्राप्त किये जायें। २७५ प्रविधिक पदों के लिये केवल १०२ उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध हो सके और संस्तुत किये गये। पूर्व की भांति उपयुक्त अभ्यर्थियों के अभाव का अनुभव मुख्यतः उद्योग, पशु चिकित्सा, जन-स्वास्थ्य, चिकित्सा, विद्युत् तथा स्थानीय स्वशासन इंजीनियरिंग विभागों के पदों के लिये किया गया।

तीन मामलों में प्रकाशित हो जाने के बाद विज्ञापन निरस्त कर दिया गया, परिशिष्ट के अन्तिम तीन मद सं० २१२ से २१४ के १० वें स्तम्भ में दी गई अभ्युक्तियों को देखिये।

२—कमीशन ३९६ पदों के लिये चुनाव वर्ष समाप्ति के पहले नहीं कर सका, क्योंकि उनमें से अधिकांश पद वर्ष के अन्तिम भाग में विज्ञापित किये गये थे। इन पदों के लिये ३,९७९ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये थे, जिनका विवरण परिशिष्ट ३-अ में दिया हुआ है।

३—परिशिष्ट ३ तथा परिशिष्ट ३-अ में वर्णित मामलों के अतिरिक्त कमीशन से २६ अन्य मामलों में चुनाव करने के लिये वर्ष में अनुरोध किया गया। इनमें से १७ मामलों में इस वर्ष के भीतर कोई विज्ञापन न निकाला जा सका, क्योंकि या तो उनके लिये अधिग्रहण (requisitions) वर्ष के अन्त के निकट में प्राप्त हुये थे या उनसे सम्बन्धित अर्हताओं या रिक्त स्थानों वगैरह के विषय में कुछ सूचना मांगी गई थी। तीन मामलों में कमीशन ने पदों को विज्ञापित नहीं किया; किन्तु इन अथवा ऐसे पदों के हेतु किये गये पूर्व चुनावों के आधार पर इन पदों के लिये अभ्यर्थियों की संस्तुति कर दी। एक मामले में कमीशन ने नियुक्ति

प्राधिकारी को सूचित किया कि पद को विज्ञापित करना आवश्यक नहीं है, क्योंकि उस पद का स्थायी पदधारी जिस पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहा है उस पद के लिये एक अन्य अभ्यर्थी का चुनाव हो चुका है, अतः उस पदधारी के अपने स्थायी पद पर लौट जाने की सम्भावना है। निम्नलिखित शेष पांच मामलों में कमीशन ने कोई चुनाव नहीं किया, क्योंकि या तो पद उनके पर्यवलोकन में नहीं थे या विशेष अवस्था में उन्होंने नियुक्ति प्राधिकारी को उन पदों के लिये स्वयं चुनाव करने का अधिकार दे दिया :—

(१) सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के लिये प्रविधिक सहायक (टेक्निकल सहायक)।

(२) उत्तर प्रदेश के राजकीय प्रविधिक तथा औद्योगिक संस्थाओं के लिये रंगाई के अनुदेशक (डाइंग इन्सट्रक्टर्स)।

(३) श्रम विभाग में भारत सरकार की भवन योजना के लिये निरीक्षक का अस्थायी पद।

(४) शिक्षा की पुनर्व्यवस्था योजना (re-orientation scheme) के अन्तर्गत राज्य के राजकीय नार्मल स्कूलों में ग्रेजुएट्स ग्रेड में नियुक्ति के लिये शिल्प अध्यापक (Craft teacher)।

(५) कौश कृमि पालन, देहरादून के अधीक्षक (Superintendent, Sericulture) का अघोषित (non-gazetted) पद।

४—निम्नलिखित तीन मामलों में नियुक्ति प्राधिकारियों ने ऐसे पदों के लिये विज्ञापन स्वयं निकाल दिये थे, जो महत्वपूर्ण समझ पड़े और जिनके सम्बन्ध में उनसे लिखा-पढ़ी की गई :—

(१) विकास कमिश्नर, उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय प्रसार सेवा सम्वर्गों के लिये २२०-१०-३२०-द० रो०-२०-४०० रु० के वेतन-क्रम में संवर्ग विकास अधिकारी (ब्लाक डेवेलपमेंट अफसर) के तीस अस्थायी पदों का विज्ञापन निकाल दिया। कमीशन ने शासन से पूछा कि उक्त पदों का नियुक्ति प्राधिकारी कौन है? शासन ने उत्तर दिया कि विकास कमिश्नर, उत्तर प्रदेश, नियुक्ति प्राधिकारी था। अतः ये पद कमीशन के पर्यवलोकन से बाहर थे। किन्तु पद महत्वपूर्ण थे। अतः कमीशन ने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (कार्य सीमन) विनियम, १९५४ से संलग्न अनुसूची में सम्मिलित करके इन पदों को कमीशन के पर्यवलोकन में कर दिया जाय। उत्तर में शासन ने कहा कि कमीशन का सुझाव आने के पूर्व ही वे इस प्रश्न पर विचार कर रहे थे कि भविष्य में इस चुनाव को कमीशन को सौंप दिया जाय और बताया कि इस निर्णय को कार्यान्वित करने के लिये आवश्यक कार्यवाही अलग से की जा रही है।

(२) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक, उत्तर प्रदेश ने राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय तथा अस्पताल, लखनऊ में अध्यापकों तथा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित कर लिये। क्योंकि इन पदों के नियुक्ति प्राधिकारी राज्यपाल महोदय मालूम पड़ते थे, कमीशन ने शासन को बताया कि ये पद कमीशन के पर्यवलोकन में थे। शासन ने उत्तर दिया कि महाविद्यालय को प्रारम्भ करने के लिये तत्काल आवश्यक न्यूनतम कर्मचारिवर्ग की ही नियुक्ति की जा रही है और समस्त पदों के लिये नियमित चुनाव करने के सम्बन्ध में कमीशन को शीघ्र ही लिखा जायगा।

(३) जून, १९५४ में प्लानिंग रिसर्च तथा ऐक्शन इंस्टीट्यूट, कालाकांकर हाउस, लखनऊ के लिये कई पदों का विज्ञापन संस्था के संचालक ने स्वयं निकाल दिया। विज्ञापन में लिखा गया था कि संस्था की अवधि तीन वर्ष की है और उसमें के पदों की एक वर्ष, जिसका नवीकरण अवधि के पश्चात् कमीशन से परामर्श

करके किया जा सकता है। कमीशन ने शासन को बताया कि इन पदों का चुनाव कमीशन के द्वारा किया जाना चाहिये था और पूछा कि किन परिस्थितियों में यह आवश्यक समझा गया कि उक्त मामले का निर्देश कमीशन को न किया जाय। शासन ने उत्तर दिया कि संस्था का अर्थ-प्रबन्ध सारभूतमात्रा में राकफेलर फाउन्डेशन से किया जाता है तथा अपरीक्षित विचारों एवं योजनाओं की परीक्षा करने के एक-मात्र उद्देश्य से उसकी स्थापना केवल प्रयोगात्मक रूप से की गई थी और कमीशन को विश्वास दिलाया कि संस्था की प्रत्येक शाखा के काम की तथा कुछ प्रकार के कार्यों के लिये अधिकारियों की अभिरुचि की उचित देखभाल कुछ मास तक करने के पश्चात् उपयुक्त मामलों में उनको निर्देश किया जायगा।

५--कमीशन को राजकीय सीमेन्ट फैक्टरी, चुर्क, जिला मिर्जापुर के सामान्य प्रबन्धक के पद के लिये कोई सचमुच उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो सका और उसने संस्तुति की कि फैक्टरी के चीफ इंजीनियर तथा सहायक प्रबन्धक से अधिक अच्छे अभ्यर्थी के अभाव में वही, जो स्वयं एक अभ्यर्थी था, १,५००--१,८०० रु० के वेतन-क्रम में सामान्य प्रबन्धक के पद पर नियुक्त कर दिया जाय। वास्तविक रूप में समर्थ व्यक्ति की उपलब्धि न हो सकने के कारण शासन ने तीन वर्ष तक फैक्टरी का प्रबन्ध करने के लिये एक विदेशी फर्म के साथ संविदा (ठेका) कर लिया। सामान्य प्रबन्धक तथा कुछ अन्य अधिकारी फर्म की ओर से नियुक्त किये गये। बाद में शासन ने फैक्टरी के चीफ इंजीनियर तथा सहायक प्रबन्धक को १,५००--१,८०० रु० के वेतन-क्रम में, जिस वेतन-क्रम को कमीशन ने सामान्य प्रबन्धक के पद के लिये संस्तुत किया था, नियुक्त करने का निश्चय किया और कमीशन का अनुमोदन मांगा। कमीशन ने कहा कि अभ्यर्थी को चीफ इंजीनियर तथा सहायक प्रबन्धक के पद पर उच्चतर वेतन-क्रम में रखना उचित नहीं है, किन्तु यदि शासन का विचार हो कि अभ्यर्थी को विदेशी फर्म के अधीन काम सीखने के लिये इस विचार से रखकर देखा जाय कि फर्म के साथ समय की समाप्ति हो जाने के पश्चात् उसे सामान्य प्रबन्धक के पद पर नियुक्त किया जायगा, तब वे मामले पर विचार करने के लिये तैयार होंगे। वर्ष के अन्त तक शासन का कोई उत्तर नहीं आया था।

६--उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा (निम्न वेतन-क्रम) में संस्कृत पाठशालाओं के निरीक्षक के पद पर कमीशन द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी को शासन ने नियुक्त नहीं किया, क्योंकि उन्हें यह खबर मिली कि वह संस्कृत में वार्तालाप नहीं कर सकते थे। अतः शासन ने कमीशन को सुझाव दिया कि इस पद का पुनर्विज्ञापन किया जाय। कमीशन ने शासन को बताया कि संस्कृत में धारा प्रवाह रूप से बोलने की योग्यता उक्त पद के लिये न तो आवश्यक और न अधिमान्य अर्हता के रूप में ही निर्धारित थी और यह भी कहा कि कमीशन द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी विज्ञापित अर्हताओं के आधार पर उपलब्ध अभ्यर्थियों में सर्वोत्तम था। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञापन में दी हुई शर्तों के अनुसार कोई अवसर नहीं था कि कमीशन अभ्यर्थियों की संस्कृत बोलने की निपुणता का मूल्यांकन करता, किन्तु यदि शासन ऐसी निपुणता को पद के लिये आवश्यक समझता है, तो संशोधित अर्हताओं के साथ पद का पुनर्विज्ञापन करने में उन्हें कोई आपत्ति न होगी। शासन ने निश्चय किया कि संस्कृत बोलने में निपुणता को एक आवश्यक अर्हता रख कर पद का पुन-र्विज्ञापन किया जाय।

७--गतवर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ६ के पैरा ४ (३) में कमीशन ने कहा था कि उत्तर प्रदेश के जूनियर हाई स्कूलों तथा नार्मल स्कूलों के लिये स्नातक वर्ग (ग्रेजुएट्स ग्रेड) में अध्यापकों के १,००० पद, जो हर प्रकार से अधीनस्थ शैक्षिक सेवा (सबार्डिनेट एजूकेशनल सर्विस) के स्नातक वर्ग (ग्रेजुएट्स ग्रेड) के अध्यापकों के समान मालूम पड़ते थे, उनके पर्यवलोकन में लाये जाने चाहिये। किन्तु शासन ने कमीशन के उक्त सुझाव को स्वीकार नहीं किया और यह कहा कि चूंकि इन अध्यापकों की आवश्यकता जिला बोर्डों के जूनियर हाई स्कूलों, सहायता-प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिये थी, इसलिए यह आवश्यक नहीं समझा गया कि उन पदों को अधीनस्थ शैक्षिक सेवा में

सम्मिलित करके कमीशन के पर्यवलोकन में लाया जाय। शासन ने यह भी कहा कि यदि उनमें से कोई पद भविष्य में स्थायी कर दिया जायगा तो उन पदों के लिये लागू होने वाले सामान्य नियमों के अनुसार चुनाव किया जायगा। कमीशन की संस्तुति को न मानने के लिये शासन ने जो तर्क दिये वे कमीशन की दृष्टि में सन्तोषजनक नहीं थे।

८--फरवरी, १९५५ में राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय (गवर्नमेंट स्कूल आफ आर्ट्स ऐन्ड क्राफ्ट्स), लखनऊ के लिये वास्तु-प्रवचन तथा शिल्पी कक्षा (Architectural Design and Craftsman Class) के अधीक्षक के पद के लिये कमीशन द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी को शासन ने नियुक्त नहीं किया, क्योंकि उन्होंने यह महसूस किया कि अध्यापन का अनुभव न होने के कारण संस्तुत अभ्यर्थी पद के कर्त्तव्यों का पालन पर्याप्त ढंग से न कर सकेगा। शासन ने कमीशन को यह भी सूचित किया कि उक्त पद को घोषित पद में बदलने तथा उसके वेतन-क्रम को ऊंचा करने का प्रश्न शासन के विचाराधीन है। शासन ने उचित नहीं समझा कि इस मामले में निर्णय होने तक पद पर नियमित रूप से नियुक्ति की जाय। चूंकि यह एक ऐसा मामला मालूम पड़ता था, जिसमें कमीशन की संस्तुति को स्वीकार नहीं किया गया था, कमीशन ने शासन को सूचित किया कि विज्ञापन के अनुसार अध्यापन के अनुभव की कोई जरूरत नहीं थी। इस कारण कमीशन निर्वाचित अभ्यर्थी, जो सर्वोत्तम उपलब्ध अभ्यर्थी था, के पक्ष में की गई अपनी संस्तुति पर दृढ़ रहेगा। लेकिन पद के वेतन में वृद्धि हो जाने के कारण यदि शासन चुनाव को निरस्त कर देना चाहे, तो वह वैसा कहे। तत्पश्चात् शासन ने कमीशन से पद के लिये विज्ञापन को निरस्त कर देने का अनुरोध किया। ऐसा किया गया और बाद में अभ्यर्थियों द्वारा जमा किये हुये आवेदन एवं साक्षात्कार शुल्क उन्हें प्रत्यर्पित कर दिये गये। एक अभ्यर्थी द्वारा अभ्यर्थित यात्रा-भत्ता के प्रत्यर्पण का प्रश्न वर्ष के अन्त तक शासन के विचाराधीन था।

९--चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय पोलीटेक्नीक, मेरठ में हेड आफ दि केमिकल इंजीनियरिंग ऐन्ड इंजीनियरिंग सेक्शन के पद के लिये कमीशन द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी को शासन ने नियुक्त नहीं किया, क्योंकि उनके विचार से उस अभ्यर्थी में पद के लिये अपेक्षित अर्हताओं का अभाव था और ऐसी रिपोर्ट आई थी कि उसने रासायनिक अभियंत्रण (केमिकल इंजीनियरिंग) पढ़ाने में अपनी असमर्थता प्रकट की थी। अतः शासन ने कमीशन से उस पद पर नियुक्ति के लिये अधिमान-क्रम में दूसरे अभ्यर्थी को संस्तुत करने के लिये कहा। कमीशन ने शासन को बताया कि विज्ञापन में दी हुई शर्तों के अनुसार उनके द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी में आवश्यक प्रविधिक अर्हतायें थीं। उसमें केवल एक कमी थी और वह थी अध्यापन अनुभव की अपेक्षित अवधि में कुछ कमी, जिस दोष का परिमर्ष कमीशन ने यथामात्र अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के अभाव को देखते हुये कर दिया था। कमीशन ने आगे कहा कि संस्तुत अभ्यर्थी को नियुक्ति की आज्ञा भेजी जाय और यदि वह विषय के अध्यापन में असमर्थ होने के कारण पद को स्वीकार करने से इनकार कर दे, तब वे विचार करेंगे कि पद का पुनर्विज्ञापन होना चाहिये अथवा नियुक्ति के लिये दूसरे अभ्यर्थी की संस्तुति की जानी चाहिये। वर्ष के अन्त तक इस प्रकरण पर शासन ने कोई अन्तिम निर्णय नहीं किया था।

१०--गवर्नमेंट सेन्ट्रल वीविंग इंस्टीट्यूट, वाराणसी के अनुसंधान और प्रयोग विभाग के लिये डिजाइनर (हैन्डलूम) के पद के लिये गत वर्ष उच्चतर प्रारम्भिक वेतन तथा अनुभव की अपेक्षित अवधि में परिवर्तन के साथ पुनर्विज्ञापन के पश्चात् भी कमीशन को कोई उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो सका था, अतः उन्होंने शासन को सुझाव दिया था कि उनसे परामर्श करके कोई विभागीय अर्हता-प्राप्त पदाधिकारी प्रशिक्षण के लिये विदेश भेजा जाय। शासन ने कमीशन से अनुरोध किया कि २५०-८५० रु० के वेतन-क्रम में ८०० रु० तक के उच्चतर प्रारम्भिक वेतन के साथ पद को पुनर्विज्ञापित किया जाय। उक्त उच्चतर प्रारम्भिक वेतन तथा समस्त भारत के विस्तृत अधिवास के साथ पुनर्विज्ञापित करने पर भी पद के लिये कोई उपयुक्त अभ्यर्थी कमीशन को उपलब्ध न हो सका। तब उन्होंने संकेत किया कि एक ही स्रोत शेष रह गया था

और वह था पत्र-व्यवहार द्वारा किसी उपयुक्त अभ्यर्थी की सेवाओं को प्राप्त करना और सुझाव दिया कि सम्भव है उद्योग संचालक इस कार्य को कर सकें। वर्ष के अन्त तक यह विषय शासन के विचाराधीन रहा।

११—गत वर्षीय प्रतिवेदन के छठवें पृष्ठ के चौथ पैरा में कमीशन ने शासन से यह बतलाने का निवेदन किया था कि किन परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश राजकीय सीमेन्ट फैक्टरी, मिर्जापुर के बर्नर फोरमैन के पद के लिये, जो कमीशन के पर्यवलोकन में था, फैक्टरी के चीफ इंजीनियर तथा सहायक प्रबन्धक ने स्वयं विज्ञापन निकाला था। शासन के यह उत्तर देने पर कि काम के हित में पद को अति शीघ्र भरना था और यह कि फैक्टरी का संचालक, जो उस समय तक नियुक्त किया जा चुका था, फैक्टरी के सभी घोषित एवं अघोषित पदों के लिये नियुक्ति प्राधिकारी घोषित कर दिया गया था, मामला समाप्त कर दिया गया।

१२—गत वर्ष गवर्नमेंट टेक्निकल स्कूल, लखनऊ के द्वितीय टेक्निकल मास्टर के पद पर नियुक्ति के लिये संस्तुत अभ्यर्थी के विरुद्ध लगाये गये दोषारोपों का पूरा विवरण प्राप्त होने पर कमीशन ने सुझाव दिया कि पद का पुनर्विज्ञापन निकाला जाय और चुनाव के क्षेत्र का विस्तार करने के लिये वेतनक्रम अधिक आकर्षक किया जाय तथा व्यावहारिक अनुभव की अपेक्षित अवधि को घटा कर एक वर्ष कर दिया जाय। नियमित चुनाव होने तक, उद्योग संचालक, उत्तर प्रदेश द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी की अस्थायी नियुक्ति जारी रखने के लिये भी कमीशन सहमत हुआ।

१३—गत वर्ष कमीशन का यह सुझाव कि सेन्ट्रल वर्कशाप, कानपुर के स्टोर्स अफसर के पद के लिये पुनर्विज्ञापन तभी सार्थक होगा जब—

(१) वेतनक्रम ५००–१,२०० रु० से ८००–१,२०० रु० इस उपबन्ध के साथ कर दिया जाय कि उपयुक्त अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक वेतन १,००० रु० दिया जा सकता है, अथवा

(२) विद्यमान अर्हतायें तथा अन्य शर्तें, जो कठोर हैं, उचित रूप से संशोधित कर दी जायं।

शासन ने इतना मान लिया कि पद के लिये निर्धारित अर्हतायें उदार कर दी जायं और ८५० रु० तक का उच्चतर प्रारम्भिक वेतन देने का उपबन्ध कर दिया जाय।

१४—परिशिष्ट ३ के मद सं० ६८,९५, १३६, १४६, १६३–१६९, १७४, १७६, १७७, १८३, १८६, १९० तथा १९१ के आगे वर्णित मामलों में, नियुक्ति प्राधिकारियों ने नियुक्ति विभाग कार्यालय ज्ञापन सं० ०-५२५०/२-ख—५४–१९४८, दिनांक २९ दिसम्बर, १९४८ में लिखित आदेशों के बावजूद कमीशन की संस्तुतियों की प्राप्ति की तिथि से दो मास के भीतर संस्तुत अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की। कमीशन इसको अत्यन्त वांछनीय समझता है कि ऐसे मामलों की संख्या घटकर कम से कम हो जाय ताकि जो अभ्यर्थी नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा न चुने जायं, उन्हें अधिक समय तक संदिग्धावस्था में न रहना पड़े और वे अपना भावी कार्यक्रम निश्चित कर सकें।

७—बिना विज्ञापन के भर्ती

लिखित परीक्षा अथवा चुनाव द्वारा भर्ती की सामान्य प्रक्रिया को शिथिल करके कमीशन को इस वर्ष १०५ अभ्यर्थियों (जिनमें ९ अभ्यर्थी गत वर्ष के शामिल थे) को कमीशन के पर्यवलोकन के अन्तर्गत सेवाओं या पदों पर भर्ती करने के मामलों पर विचार करना था। इनमें से ६४ अभ्यर्थी नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गये और १० नहीं किये गये। इनका विशेष विवरण परिशिष्ट ४ में दिया हुआ है। परिशिष्ट के अभ्युक्ति स्तम्भ में सम्बन्धित मदों के सामने अनुमोदन के कारण अंकित कर दिये गये हैं।

शेष ३१ अभ्यर्थियों के मामले, जिनके विवरण परिशिष्ट ४-क में दिये गये हैं, प्रत्येक मद के सामने अंकित कारणों से वर्ष के भीतर निबटाये न जा सके।

२--कोर्ट आफ वार्ड्स, खाद्य तथा रसद और सहायता तथा पुनर्वास विभागों के व्यवकलित (retrenched) कर्मचारिवर्ग में से कलेक्शन आफिसर के पदों के लिये चुनाव करने के सम्बन्ध में कमीशन ने कहा था कि ४५ पदों में से ३४ में व्यवकलित कर्मचारियों का विलीनीकरण पहले ही हो चुका था। अतः अब शेष पदों को भी उन्हीं में से भरने से व्यवकलित कर्मचारियों का विलीनीकरण अत्यधिक हो जायगा। कमीशन ने यह भी कहा कि पूरी कलेक्शन अफसरों की सेवा की उपयोगिता पर भी इसका बुरा असर पड़ सकता है और कलेक्शन अफसरों की प्रतिष्ठा डिप्टी कलेक्टरों की प्रतिष्ठा के समान होने के कारण इसमें कोई कठिनाई न होगी यदि सीधी भर्ती द्वारा चुने हुये नवयुवक कलेक्शन अफसरों और कलेक्शन के काम का कुछ अनुभव रखने वाले डिप्टी कलेक्टरों की अस्थायी रूप से अदला-बदली कर दी जाय। यदि ऐसी अदला-बदली कर दी जायेगी तो नवयुवक कलेक्शन अफसर कुछ अनुभव प्राप्त कर लेने के पश्चात् फिर कलेक्शन अफसर के पद पर जा सकते हैं। अतः कमीशन का विचार था कि कलेक्शन अफसर के शेष पद खुली प्रतियोगिता द्वारा सामान्य ढंग से भरे जाने चाहिये। कमीशन के इस सुझाव को कि शेष रिक्तियों को खुली प्रतियोगिता द्वारा भरा जाना चाहिये, सरकार ने स्वीकार नहीं किया और शेष पदों की भर्ती खाद्य तथा रसद, सहायता तथा पुनर्वास और कोर्ट आफ वार्डस् विभागों के घोषित व्यवकलित पदाधिकारियों में से करने की कार्यवाही करने का कमीशन को आदेश दिया।

८--पदोन्नति द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में कमीशन ने उच्च सेवाओं या पदों, जो उनके पर्यवलोकन में थे, की २३१ रिक्तियों पर पदोन्नति करने के लिये ६२३ कर्मचारियों के मामलों पर विचार किया। इनका विवरण परिशिष्ट ५ में दिया गया है।

२--परिशिष्ट ५ के मद सं० १७ के सामने वर्णित उत्तर प्रदेश कृषि सेवा, उच्च वेतन क्रम में, एग्रीकल्चरल इंजीनियर के दो (एक स्थायी और एक अस्थायी) पदों पर पदोन्नति के मामलों में अपनी संस्तुति करने के पूर्व कमीशन ने १६ जून, १९५४ को नैनीताल में चार पदाधिकारियों का साक्षात्कार किया। एक दूसरे मामले में, जो उपर्युक्त परिशिष्ट के मद सं० २८ के सामने वर्णित है और जो पी० एम० एस० II में पदोन्नति के हेतु अर्हता प्राप्त करने के उद्देश्य से संक्षिप्त एम० बी०, बी० एस० कोर्स में भर्ती करने के लिये पी० एस० एम० एस० अफसरों के चुनाव के विषय में था, चुनाव एक तदर्थ समिति द्वारा किया गया था, जिसमें श्री नफीसुल हसन, कमीशन के तत्कालीन सदस्य ने अध्यक्षता की। समिति की बैठक २४ जुलाई, १९५४ को लखनऊ में हुई और २६ पदाधिकारियों का साक्षात्कार करने के पश्चात् चुनाव किया गया। शेष सभी मामलों में कमीशन ने सम्बन्धित पदाधिकारियों की चरित्रावलियों तथा/अथवा वैयक्तिक पत्रावलियों के आधार पर अपना परामर्श दिया।

३--कमीशन ने २३१ रिक्त स्थानों में से २०० पर पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों को संस्तुत किया और १६ रिक्त स्थानों के लिये सुझाव दिया कि चुनाव पहले नियमानुसार समस्त पात्रता क्षेत्र में से योग्यता के आधार पर एक विभागीय चुनाव समिति द्वारा किया जाना चाहिये और तब कमीशन को निर्देश करना चाहिये। शेष १५ रिक्त स्थानों के सम्बन्ध में, जिनके लिये या तो चुनाव का क्षेत्र सीमित था या पदोन्नति के लिये उपयुक्त अभ्यर्थी अनुपलब्ध थे, कमीशन ने सुझाव दिया कि इनको विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के पश्चात् सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना चाहिये। एक मामले को छोड़ कर, जिसका वर्णन नीचे पांचवें पैरा में किया गया है, सभी मामलों में कमीशन का परामर्श स्वीकार कर लिया गया।

४--परिशिष्ट ५-क में वर्णित ११० रिक्त स्थानों पर पदोन्नति के १६ मामले प्रत्येक के सामने अंकित कारणों से प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निबटाये न जा सके।

५--शासन ने उत्तर प्रदेश शैक्षिक सेवा के उच्च वेतन-क्रम में स्थायी पदोन्नति के लिये कुछ पदाधिकारियों की उपयुक्तता के विषय में परामर्श देने के लिये कमीशन से अनुरोध किया। विभागीय चुनाव समिति द्वारा मुख्य सूची में रक्खे हुये एक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में कमीशन ने देखा कि उसकी चरित्रावली केवल सन्तोषजनक है और उसके विषय में प्रतिवेदन था कि वह सावधानी से (with caution) काम करता था, कभी-कभी इस हद तक सावधानी से कि मौलिकता तथा तत्परता (initiative and promptness) की गुन्जाइश कम हो जाती थी। कमीशन के विचार से मौलिकता एवं तत्परता का अभाव उच्च वेतन-क्रम में पदोन्नति के लिये एक कमी थी। इसको ध्यान में रखते हुये और इस वजह से कि एक दूसरे पदाधिकारी, जिसको विभागीय चुनाव समिति ने पूरक सूची में प्रथम स्थान पर रक्खा था, की चरित्रावली विशिष्ट (outstanding) तथा उपर्युक्त पदाधिकारी की चरित्रावली से कहीं अधिक अच्छी थी, कमीशन ने संस्तुति की कि पूर्व पदाधिकारी के स्थान पर उत्तर पदाधिकारी की पदोन्नति की जाय। मुख्य सूची के अन्य चार पदाधिकारी पदोन्नति के लिये कमीशन द्वारा अनुमोदित किये गये। जिस अभ्यर्थी को कमीशन ने अनुपयुक्त समझा था उसकी विभिन्न प्रविशिष्टयों की आलोचना करते हुये शासन ने कहा कि उसकी चरित्रावली सब बातों को देखते हुये सन्तोषजनक थी और कमीशन से मामले पर पुर्नविचार करने का अनुरोध किया। कमीशन ने विभागीय चुनाव समिति द्वारा संस्तुत सभी पदाधिकारियों की चरित्रावलियों का पुनरावलोकन किया और बतलाया कि चुनाव की कसौटी योग्यता (merit) होने के कारण कमीशन उसकी पदोन्नति से सहमत होने में असमर्थ था, क्योंकि उसकी सेवा का अभिलेख पूरक सूची में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थी की सेवा क अभिलेख की तुलना में ठहर नहीं सकता था।

शासन ने अपनी बात पर फिर से बल दिया और कहा कि किसी की चरित्रावली की प्रविशिष्टयों पर प्रवृष्टि करने वाले अधिकारी की रुचि-अरुचि का गहरा प्रभाव पड़ता है, अतः जहां योग्यताओं में ऐसी भिन्नता नहीं है जो परिलक्षित हो सके, वहां अभ्यर्थियों की उपयुक्तता का निश्चय करने के लिये प्रविष्टियों को सुरक्षित पथप्रदर्शक के रूप में नहीं माना जा सकता है। शासन ने यह भी कहा कि पदाधिकारियों के कार्य तथा आचरण के सम्बन्ध में १९५४-५५ की पश्चाद्वर्ती प्रविष्टि बहुत अच्छी थी। अपनी पूर्व संस्तुति पर दृढ़ रहते हुये कमीशन ने बतलाया कि जहां तक प्रश्नास्पद चुनाव का सम्बन्ध था, १९५४-५५ की पश्चाद्वर्ती प्रविष्टि असंगत थी। किन्तु शासन ने कमीशन के परामर्श को स्वीकार नहीं किया और पूर्व अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश शैक्षिक सेवा के उच्च वेतनक्रम में पदोन्नत कर दिया।

६--गत वर्ष के प्रतिवेदन में यह लिखा गया था कि कमीशन सामान्य सचिवालय के एक अधीक्षक की सहायक सचिव के पद पर पदोन्नति से सहमत नहीं हुआ क्योंकि उक्त पद के लिये सभी पात्र अधीक्षकों में स योग्यता के आधार पर चुनाव नहीं किया गया था। उन्होंने यह सुझाव दिया था कि या तो सभी पात्र अभ्यर्थियों में से योग्यता के आधार पर फिर से चुनाव किया जाय या उसके परामर्श से सेवा के नियमों में इस आशय का संशोधन कर लिया जाय कि कोई दीर्घकालीन रिक्ति होने पर अन्तिम चुनाव कर लिया जाया करे और बाद में चुने हुये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता-क्रम में, यदि उनका कार्य निरन्तर सन्तोषजनक रहा हो, पुष्टि कर दी जाया करे। शासन कमीशन के दूसरे सुझाव के पक्ष में था किन्तु उससे सम्बन्धित अधिकारी के मामले पर इस आधार पर पुर्नविचार करने का अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश सचिवालय नियमों, १९४२ के अनुसार चुनाव "ज्येष्ठता का उचित ध्यान रखते हुये सर्वथा योग्यता पर" करना था। अतः इस मामले में योग्यता (merit) के सिद्धांत को लागू करने की आवश्यकता नहीं थी। किन्तु कमीशन के विचार से इस मामले में चुनाव की भिन्न कसौटी का अनुसरण करने के लिये कोई औचित्य नहीं था। अतः वह शासन के सहायक सचिव के पद पर सम्बन्धित अधिकारी की पदोन्नति से सहमत नहीं हुआ। किन्तु वह शासन के सुझावानुसार नियमों को संशोधित किये जाने से सहमत हुआ और कहा कि ऐसे

मामलों में ज्येष्ठता से तात्पर्य उस क्रम से है जिस क्रम में स्थानापन्न पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों का चुनाव किया जाता है, न कि उस क्रम से जिस क्रम में उनके नाम नीचे वाली सेवाओं में होते हैं। शासन ने इसे स्वीकार कर लिया।

७—डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस के पदों के लिये पदोन्नति द्वारा चुनाव करने के सम्बन्ध में शासन ने उन्हीं अधिकारियों की चरित्रावलियों को भेजा था, जो मनोनीत करने वाले प्राधिकारियों द्वारा विचारार्थ संस्तुत किये गये थे। कमीशन ने शासन से अनुरोध किया कि वह विभागीय चुनाव समिति द्वारा मुख्य सूची में रक्खे हुये कनिष्ठतम अधिकारी से ज्येष्ठ सभी पात्र अधिकारियों की चरित्रावलियां भेजें ताकि कमीशन अपना सन्तोष कर ले कि बिना पर्याप्त औचित्य के कोई भी ज्येष्ठ पात्र अधिकारी छोड़ा नहीं गया है, जैसा कि शासनादेश सं० २१६६/२-ख—५४-१९४८, दिनांकित २२ अक्टूबर, १९५३ में अपेक्षित है। शासन ने मांगी हुई चरित्रावलियों को नहीं भेजा और बतलाया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के नियमों, १९४२ के अधीन केवल वे ही पुलिस इन्सपेक्टर डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस के पदों पर पदोन्नति के लिये पात्र थे, जो डिप्टी इन्सपेक्टर जनरलों तथा इन्सपेक्टर जनरल द्वारा मनोनीत किये गये थे और ऐसे सब अधिकारियों की चरित्रावलियां पहले ही उसके पास भेजी जा चुकी हैं। शासन ने यह भी कहा कि २२ अक्टूबर, १९५३ के शासनादेश, जिसका निर्देश कमीशन ने किया है, केवल कार्यकारी आदेश (executive orders) थे और वे किसी वैधानिकी नियम (statutory rule) के उपबन्धों का उल्लंघन नहीं कर सकते। शासन के विचार से कमीशन अथवा शासन को भी यह अधिकार नहीं है कि वे मनोनीत करने वाले प्राधिकारी से यह पूछें कि उसने अमुक अधिकारी को क्यों मनोनीत नहीं किया या अमुक अधिकारी को क्यों मनोनीत किया? कमीशन ने शासन को बतलाया कि नियुक्ति (ख) विभाग शासनादेश सं० ०-३०५/२-ख-१९५३, दिनांकित ३० जनवरी, १९५३, जिसके अनुसार विभागीय चुनाव समिति द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों की उपयुक्तता के विषय में परामर्श देने के अतिरिक्त कमीशन पर इस बात का भी उत्तरदायित्व आ गया कि वह यह देखे कि किसी ज्येष्ठ अधिकारी का अवक्रमण बिना पर्याप्त औचित्य के नहीं हुआ था, पदोन्नति के सभी मामलों में लागू होते थे, और इस कारण सभी सेवा नियम उस हद तक अपने आप संशोधित हो गये हैं। यह तर्क कि किसी सामान्य आदेश (General order) से सेवा नियमों (Service rules) में संशोधन नहीं किया जा सकता, मुश्किल से सही है। पदोन्नति की पुरानी प्रक्रिया सभी सेना-नियमों में निर्धारित थी और जब पदोन्नति के सभी मामलों में उस प्रक्रिया का संशोधन कर दिया गया, तो उस हद तक सभी सेवा-नियम अपने आप संशोधित समझे जाने चाहिये। मनोनीत करने वाले प्राधिकारी के स्वयं विवेक के सम्बन्ध में कमीशन ने कहा कि जब उसे शासन के मुख्य सचिव तथा इन्सपेक्टर जनरल पुलिस से बनी हुई समिति द्वारा किये गये चुनाव का पुनरावलोकन करना पड़ता है तो कोई कारण नहीं है कि कमीशन यह जांच करके अपना सन्तोष न कर ले कि डिप्टी इन्सपेक्टर जनरल पुलिस महोदयों ने अपने विवेक का उचित प्रयोग किया है। कमीशन ने यह भी कहा कि यदि शासन का यह विचार हो कि पुलिस विभाग के अधिकारियों से सम्बन्धित कुछ सूचनाओं को कमीशन से छिपा रखना है तो कमीशन ऐसे सीमित अधिकारों के अधीन रह कर अपना परामर्श देने की अपेक्षा यह चाहेगा कि उसके पर्यवलोकन से उन मामलों को निकाल दिया जाय।

८—पदोन्नति के कई मामलों में कमीशन ने देखा कि जो व्यक्ति शासन के अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर (on deputation) थे उन पर विभागीय चुनाव समिति ने निम्न से उच्चतर सेवाओं या पदों पर पदोन्नति के लिये विचार नहीं किया था। कमीशन ने कहा कि उस आधार पर किसी अधिकारी के अधिकारों की उपेक्षा करना अनुचित था क्योंकि सामान्यतः प्रतिनियुक्ति की स्वीकृति लोक-हित में दी जाती है। उसने सुझाव दिया कि ऐसे व्यक्तियों के मामलों पर पदोन्नति के समय विचार करना चाहिये। किन्तु स्थायी पदों पर उनके पूर्वाधिकार (lien) अनिश्चित काल तक न चलते रहने देना चाहिये।

६—कमीशन ने शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग को बतलाया कि उत्तर प्रदेश सर्विस आफ इन्जीनियर्स (निम्न वेतनक्रम) में सहायक इंजीनियर के पदों पर पदोन्नति के लिये वे ही ओवरसियर पात्र थे जो निर्धारित विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके थे अथवा उक्त सेवा के नियम ९ के खंड (i) में वर्णित इंजीनियरिंग अर्हताओं में किसी एक अर्हता को प्राप्त कर चुके थे। क्योंकि विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होना पदोन्नति के लिये एक अनिवार्य शर्त थी, इसलिये कमीशन ने पूछा कि उक्त विभागीय परीक्षा में भर्ती करने के लिये ओवरसियरों का चुनाव करने के सम्बन्ध में कमीशन से परामर्श क्यों नहीं किया जा रहा है। कमीशन ने यह भी कहा कि यदि पदोन्नति ओवरसियरों के काम और आचरण के आधार पर की जाती है, न कि निश्चित सेवाकाल के अनुसार अपने आप हो जाती है, तो कमीशन से परामर्श करना आवश्यक था क्योंकि जो ओवरसियर विभागीय परीक्षा में भर्ती होने के लिये नहीं चुने गये वे सब पदोन्नति के लिये चुनाव के क्षेत्र से अन्तिम रूप से हटा दिये गये और उनके मामले कमीशन के समक्ष कभी नहीं आवेंगे। शासन कमीशन के विचारों से सहमत हुआ और मैनुअल आफ आर्डर्स, सिचाई विभाग, प्रथम भाग के पैराग्राफ ५३ का इस प्रकार संशोधन कर दिया कि वे सभी अपर सबार्डिनेट्स तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण और सिंचाई विभागों में अधीनस्थ इंजीनियरिंग सेवा के सदस्य जो अपने विभागों में १० वर्ष की कुल सेवा कर चुके हों, उत्तर प्रदेश इंजीनियरिंग सेवा (निम्न वेतनक्रम) में पदोन्नति के हेतु निर्धारित विभागीय परीक्षा में बैठने के लिये पात्र हो गये।

९—अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण

वर्ष में कमीशन ने ऐसी अस्थायी अथवा स्थानापन्न नियुक्तियों के नियमितकरण के सम्बन्ध में १,४०१ अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार किया जो नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा अल्प-काल के लिये की गई थीं किन्तु जिनकी अवधि बाद में उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (कार्य सीमन) विनियम, १९५४ के खंड ५ (क) तथा ६ (ग) के अन्तर्गत एक वर्ष से अधिक हो गई। ऐसे सब मामलों के विवरण आवश्यकतानुसार उपयुक्त अभ्युक्तियों के साथ परिशिष्ट ६ में दिये गये हैं। कमीशन ने इन सब मामलों में अभिलेखों तथा उन सूचनाओं के आधार पर, जो उसको दी गईं, अपने परामर्श दिये। पात्र अभ्यर्थियों के अभाव में कमीशन प्रदेशीय चिकित्सा सेवा द्वितीय (P. M. S. II) तथा प्रदेशीय चिकित्सा सेवा (महिला) द्वितीय [P. M. S. (W) II] में कुछ नियुक्तियों के मामलों में ऐसी नियुक्तियों के लिये निर्धारित आयु सीमाओं, अधिवास तथा शैक्षिक अर्हताओं की प्राप्ति पर प्रादेशिक सीमाओं की अनर्हताओं में से एक या अधिक से मुक्ति देने के लिये भी सहमत हुआ। स्कूलों के सब-डिप्टी इन्सपेक्टर के पदों पर नियुक्तियों के सम्बन्ध में कमीशन विशेष अवस्था में कुछ न्यून वयस्क (under-age) अभ्यर्थियों की नियुक्ति से भी इस आश्वासन के देने पर सहमत हुआ कि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न होगी। जिन १,४०१ अभ्यर्थियों के मामलों पर कमीशन ने विचार किया, उनमें से ९१४ अनुमोदित किये गये और ४७ नहीं।

शेष ४४० अभ्यर्थियों की स्थिति इस प्रकार थी :—

दो अभ्यर्थियों के मामलों में कमीशन ने सुझाव दिया कि क्योंकि उनके द्वारा धारित पद दीर्घकाल तक चलते रहेंगे, इसलिये उन पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरना चाहिये।

एक अभ्यर्थी के मामले में कमीशन ने सुझाव दिया कि वह मामला पहले विभागीय चुनाव समिति के पास चुनाव के लिये भेजा जाना चाहिये।

५९ अभ्यर्थियों के मामलों में कमीशन ने संस्तुति की कि उन अभ्यर्थियों के स्थान पर उन व्यक्तियों को नियुक्त किया जाय जिन्हें कमीशन ने सीधी भर्ती द्वारा चुना था।

दो अभ्यर्थियों के मामलों पर कमीशन ने विचार नहीं किया क्योंकि उनमें से एक ने त्यागपत्र दे दिया था और दूसरे को स्थायी पदधारी के लिये, जो अपने पद पर प्रत्यावर्तित हो गया था, स्थान छोड़ना पड़ा।

४६ अभ्यर्थियों के मामलों में कमीशन ने परामर्श दिया कि कमीशन से परामर्श करना आवश्यक नहीं था क्योंकि या तो की गई नियुक्तियां थोड़े समय के लिये थीं या विचाराधीन पद कमीशन के पर्यवलोकन में नहीं थे या वे एक पद से दूसरे पद पर प्रतिनियुक्ति (deputation) के मामले थे या सम्बन्धित अभ्यर्थी सीधी भर्ती द्वारा चुन लिये गये थे।

एक अभ्यर्थी के मामले में कमीशन ने बतलाया कि शासन के अनुसचिव के पद पर एक बाहरी व्यक्ति को नियुक्त करना उचित नहीं था और सुझाव दिया कि या तो नियुक्त अभ्यर्थी के स्थान पर एक विभागीय अधिकारी की नियुक्ति की जाय या वह विशेष कार्याधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाय।

दो अभ्यर्थियों के मामलों में कमीशन ने बतलाया कि वे मामले पदोन्नत अभ्यर्थियों के थे, अतः उनके विषय में निर्देश ऐसे अन्य अधिकारियों के साथ अलग से करना चाहिये।

शेष ३२७ अभ्यर्थी, जिनके मामलों पर कमीशन ने विचार किया, वे थे जो या तो ऐसे लोगों के थे जिनका अवक्रमण हुआ था या वे अन्य पात्र अभ्यर्थी थे जिनको विभागीय चुनाव समिति ने रिक्त स्थानों की वास्तविक संख्या के अतिरिक्त अनुपूरक सूची में संस्तुत किया था।

२--सत्ताईस मामले जिनमें ६९४ अभ्यर्थी थे और जिनके विवरण परिशिष्ट ६-क में दिये गये हैं, प्रत्येक के सामने अंकित कारणों से वर्ष के अन्त तक नहीं निबटाये जा सके।

३--उत्तर प्रदेश के कृषि संचालक के अनुरोध पर कमीशन ने १९५२-५३ में अधीनस्थ कृषि सेवा में पांच अधिकारियों की चली आती हुई अस्थायी नियुक्ति को नियमित चुनाव होने तक अनुमोदित किया था। नियमित चुनाव कमीशन द्वारा अप्रैल, मई १९५३ में किया गया किन्तु उपर्युक्त अधिकारी नहीं चुने गये। ऐसा हो जाने पर कृषि संचालक को चाहिये था कि इन अधिकारियों के स्थान पर वे विधिवत् चुने हुये अभ्यर्थियों को नियुक्त कर देते किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया और उनकी अस्थायी नियुक्ति को चालू रक्खा। पूछने पर उन्होंने कहा कि विभागीय नियुक्ति समिति ने कृषि विभाग के प्रचार तथा विकास कार्यों के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को नये व्यक्तियों से अच्छा समझा। यह एक ऐसा मामला था जिसमें कमीशन के परामर्श की अवहेलना की गई थी और उसकी संस्तुतियों के अनुसार कार्य न करने के जो कारण कृषि संचालक ने दिये थे, वे पर्याप्त नहीं थे, अतः कमीशन ने इस अनियमितता की ओर मुख्य मन्त्री का ध्यान आकर्षित किया और सुझाव दिया कि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोकने के लिये उपयुक्त आदेश जारी किये जायं।

४--उत्तर प्रदेश शासन के ग्लास टेक्नोलोजिस्ट द्वारा नियुक्तियों तथा पदोन्नतियों के मामलों में कमीशन से परामर्श सम्बन्धित नियमों को की गई नितान्त अवहेलना के तीन मामले भी उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री को प्रतिवेदित किये गये। इन मामलों में ग्लास टेक्नोलोजिस्ट ने नियुक्तियों को कर लेने के कई वर्ष पश्चात् कमीशन को निर्देश भेजा था ओर यह पूछने पर कि प्रत्येक मामले को समय पर कमीशन को निर्देशित न करने के क्या कारण थे, उत्तर दिया था कि "इसके लिये विशेष कारण नहीं हैं।" शासन ने इस मामले में आवश्यक जांच की और कमीशन को सूचित किया कि वह ग्लास टेक्नोलोजिस्ट, जो स्वयं नियुक्तियां कर रहा था, नियमों से अनभिज्ञ था, इसी कारण कमीशन को निर्देश करने में देर हुई। शासन ने उद्योग संचालक, उत्तर प्रदेश को भी अनुदेश भेजे कि वह अपने अधीन अधिकारियों को हिदायत करें कि वे भविष्य में सावधान रहें और यदि ऐसे मामले उनके यहां पड़े हों तो कमीशन को निर्देशित करें।

५--जनवरी, १९५४ में कमीशन ने शासन से कहा कि नियोजन विभाग के पद किसी सेवा के संवर्ग (cadre) में सम्मिलित नहीं हैं, अतः उन पदों पर नियुक्ति करने के पहले कमीशन से उन सभी विषयों के सम्बन्ध में परामर्श करना चाहिये था जिनका निर्देश भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२०(३) के खंड (अ) तथा (ब) में किया गया है, अर्थात् भर्ती की विधियों, नियुक्त करते समय अनुसरण किये जाने वाले सिद्धांतों तथा ऐसी नियुक्ति के लिये अभ्यर्थियों की उपयुक्तता के विषय में। तदनुसार कमीशन ने शासन से कहा कि वह ऐसा करे और कम्युनिटी प्रोजेक्ट, ट्रेनिंग तथा पायलट प्रोजेक्ट्स आदि विभिन्न योजनाओं, जो कमीशन के पर्यवलोकन में हों, के अन्तर्गत की गई सभी नियुक्तियों की एक सूची, नियुक्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में पूरे विवरण के साथ, उसके परामर्श के लिये भेजे। एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका था किन्तु वांछित सूचना दो सरकारी तथा दो अर्द्ध-सरकारी अनुस्मारकों को भेजने पर भी प्राप्त नहीं हुई। तब कमीशन ने इसकी रिपोर्ट मुख्य मन्त्री महोदय को की। नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा की गई ऐसी देरी को कमीशन ने बहुत गम्भीर तथा अवांछनीय समझा तथा सुझाव दिया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों को उपयुक्त अनुदेश दिया जाय कि वे भविष्य में ऐसी जांचों का शीघ्र उत्तर दिया करें।

६--राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ में लेक्चरर के पदों पर निरन्तर स्थानापन्न नियुक्तियों के लिये कुछ अभ्यर्थियों की उपयुक्तता पर परामर्श देते हुये कमीशन ने देखा कि सिरेमिक्स लेक्चरर के पद का पदधारी पोस्ट ग्रेजुएट न होने के कारण प्रशिक्षण महाविद्यालय में लेक्चरर के पद के लिये अर्हता प्राप्त नहीं था। अप्रैल, १९५३ में कमीशन ने संस्तुत किया कि उसके स्थान पर शीघ्रातिशीघ्र किसी अर्हता-प्राप्त व्यक्ति की नियुक्ति की जानी चाहिये। सितम्बर, १९५३ में शिक्षा संचालक, उत्तर प्रदेश ने कमीशन को सूचित किया कि सिरेमिक्स लेक्चरर को बदलने का प्रश्न विचाराधीन था। नवम्बर, १९५३ में कमीशन ने संचालक से उस मामले में शीघ्र निश्चय करने का अनुरोध किया। लगभग एक वर्ष के पश्चात् संचालक ने सूचित किया कि सम्बन्धित अभ्यर्थी उस समय भी नियुक्त था और ज्यों ही कमीशन द्वारा यथाविधि चुने हुये अभ्यर्थी उपलब्ध हो जायेंगे त्यों ही वह बदल दिया जायगा। कमीशन ने इस मामले का प्रतिवेदन शासन को किया और बतलाया कि उक्त पद के लिये अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों का अभाव नहीं था, इसलिये उस पद पर एक अनर्हता-प्राप्त व्यक्ति की नियुक्ति को चालू रखना स्पष्टतः ठीक नहीं था। शासन ने संचालक से पूछा कि किन परिस्थितियों में अनर्हता-प्राप्त व्यक्ति को बदल देना सम्भव नहीं हो सका था। बाद में संचालक ने कमीशन को सूचित किया कि सिरेमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट व्यक्ति उपलब्ध थे किन्तु वे प्रशिक्षित (Trained) नहीं थे और सिरेमिक्स लेक्चरर के पद के लिये यथाविधि अर्हता प्राप्त व्यक्तियों के अभाव को देखते हुये उसने शासन को सुझाव दिया था कि २००-४५० रु० के वेतन-क्रम के सिरेमिक्स लेक्चरर के पद को ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड अर्थात् १२०-३०० रु० के वेतन-क्रम के सहायक अध्यापक के पद में परिवर्तित कर दिया जाय, जब तक कि उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हों। कमीशन ने बतलाया कि पद के लिये सिरेमिक्स के पोस्ट ग्रेजुएट पात्र हैं और एल० टी० केवल अधिमान्य अर्हता थी। अतः स्पष्ट है कि वर्तमान पदधारी, जिसमें कोई पोस्ट ग्रेजुएट अर्हता नहीं थी, को बनाये रखने के लिये ही पद स्वयं सिरेमिक्स के सहायक अध्यापक के पद में परिवर्तित किया जा रहा था। कमीशन ने सुझाव दिया कि पद को सहायक अध्यापक के पद में परिवर्तित करने के बजाय किसी सिरेमिक्स के पोस्ट ग्रेजुएट व्यक्ति की नियुक्ति की जानी चाहिये। किन्तु शासन ने उस महाविद्यालय में सिरेमिक्स में सहायक अध्यापक के एक अस्थायी पद का निर्माण किया और संचालक ने विचाराधीन व्यक्ति को उस पद पर नियुक्त किया और कमीशन को सूचित किया कि विशेष अधीनस्थ शैक्षिक सेवा में सिरेमिक्स के लेक्चरर के पद के लिये वांछित न्यूनतम अर्हतायें ज्योंही अन्तिम रूप से निश्चित हो जायंगी, त्योंही उस पद पर नियुक्ति के प्रश्न पर विचार किया जायगा।

७--मई, १९५३ में सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार के पद पर एक अभ्यर्थी की अस्थायी नियुक्ति को जारी रखने के लिये कमीशन सहमत नहीं हुआ था। फरवरी, १९५४

में अर्थात् लगभग ११ मास पश्चात् शासन ने उसके मामले को कमीशन के पास पुर्नविचार के लिये फिर से भेजा। मार्च, १९५४ में कमीशन ने कहा कि जब मई, १९५३ में कमीशन ने उस अभ्यर्थी की अस्थायी नियुक्ति को जारी रखने की सलाह नहीं दी थी तो उसको विभाग में न रखना चाहिये था। कमीशन ने यह भी कहा कि उसकी चरित्रावली में कोई ऐसी बात नहीं थी जिसके आधार पर वह उस अभ्यर्थी के विषय में अपनी पूर्व धारणा को बदल सके। कमीशन की उपर्युक्त संस्तुति पर शासन ने कोई आदेश नहीं निकाला और तीन अनुस्मारकों के पश्चात् फरवरी, १९५५ में सूचित किया कि मामला उनके विचाराधीन था। जिस समय कमीशन ने यह संस्तुति की थी कि उक्त अभ्यर्थी सहायक रजिस्ट्रार के पद पर अस्थायी नियुक्ति के लिये भी उपयुक्त नहीं था, उस समय से लगभग दो वर्ष का समय बीत जाने पर भी शासन इस मामले में किसी अन्तिम निश्चय पर नहीं पहुंचे थे और पद पर उस अभ्यर्थी को चलते रहने दिया था। क्योंकि सहकारी विभाग में शासन ने कमीशन की संस्तुतियों पर उचित ध्यान नहीं दिया था, इसलिये यह मामला मुख्य मन्त्री की नोटिस में लाया गया।

८—गत वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में यह लिखा गया था कि जिला नियोजन अधिकारी के पदों के लिये आलेख्य विज्ञापन वर्ष के अन्त तक नहीं प्राप्त हुआ था। कमीशन खेद के साथ यह लिखता है कि आलेख्य विज्ञापन प्रतिवेदनाधीन वर्ष के भीतर भी नहीं प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में तीन सरकारी अनुस्मारक शासन को भेजे गये किन्तु हर बार शासन ने कहा कि मामला उनके विचाराधीन था। तत्पश्चात् नियोजन विभाग में शासन के सह–सचिव के नाम दो अर्द्ध सरकारी अनुस्मारक भेजे गये, किन्तु उनकी प्राप्ति भी नहीं स्वीकार की गई। बावजूद इसके कि मामला मुख्य मन्त्री को प्रतिवेदित किया गया, वर्ष के अन्त तक आलेख्य विज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ था। फलतः जिला नियोजन अधिकारी के पद पर एक ऐसे व्यक्ति की निरन्तर अस्थायी नियुक्ति की अवधि बढ़ती गई, जो सामान्य प्रक्रिया द्वारा नहीं चुना गया था।

१०—उत्तर प्रदेश सरकार की सेवाओं में या पदों पर विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के कर्मचारियों का अन्तर्निधान

इस वर्ष कमीशन ने विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के १६ कर्मचारियों के उत्तर प्रदेश की विभिन्न सेवाओं में या पदों पर अर्न्तनिधान के मामलों पर विचार किया। उनका विवरण निम्नलिखित सारिणी में दिया गया है :—

क्रम–संख्या	विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के नाम	सेवा या पद जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	टिप्पणियां
१	२	३	४	५
१	रामपुर	उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा (गजटेड) में प्रधानाध्यापक	३	साक्षात्कार २० अप्रैल, १९५४ को हुआ।
२	रामपुर	ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापक	१	साक्षात्कार २६ जुलाई, १९५४ को हुआ।
३	समथर (झांसी)	ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापक	१	साक्षात्कार ८ सितम्बर, १९५४ को हुआ।

क्रम-संख्या	विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के नाम	सेवा या पद जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	टिप्पणियां
१	२	३	४	५
४	टेहरी-गढ़वाल	एक्साइज इन्सपेक्टर ...	१	साक्षात्कार ९ दिसम्बर, १९५४ को हुआ।
५	बनारस	फारेस्ट रेन्जर ...	१	साक्षात्कार २२ दिसम्बर, १९५४ को हुआ। श्री जे० आर० सिंह, आई० एफ० एस०, कन्जरवेटर आफ फारेस्ट्स भी उपस्थित थे।
६	रामपुर	ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापक	६	अनुमोदित नहीं किये गये क्योंकि पहिले ही ट्रेन्ड अन्डर ग्रेजुएट्स ग्रेड में उनका अन्तर्निधान किया जा चुका था। कमीशन ने स्पष्ट किया कि वे अन्य व्यक्तियों की तरह ही सरकारी कर्मचारी थे और उनके ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में अन्तर्निधान करने का प्रश्न ही नहीं उठता था।
७	बनारस	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (गजटेड) में प्रधानाध्यापक	१	जैसा कि पैरा २ में नीचे दिया हुआ है अनुमोदित नहीं किया गया।
८	रामपुर	एक्साइज इन्स्पेक्टर ...	१	उसका साक्षात्कार ९ दिसम्बर, १९५४ को हुआ, क्योंकि वह मैट्रीक्यूलेट भी नहीं था, अनुमोदित नहीं किया गया।
९	चरखारी (हमीरपुर)	ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापक	१	८ सितम्बर, १९५४ को उसका साक्षात्कार होने के पूर्व ही उसका देहान्त हो गया।
		योग ..	१६	

उपर्युक्त कर्मचारियों में से प्रथम सात (क्रम-संख्या १-५ में दिये हुए) स्तम्भ-५ में दी हुई तिथियों में साक्षात्कार के उपरान्त कमीशन द्वारा अन्तर्निधान के लिए अनुमोदित किये गये।

२--उपर्युक्त क्रम-संख्या ७ के आगे दिये हुए मामले में शासन ने विलीनीकृत बनारस राज्य के नार्मल स्कूल के एक भूतपूर्व प्रधानाध्यापक का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा (गजटेड) में प्रधानाध्यापक के पद पर अन्तर्निधान के विषय में कमीशन से परामर्श मांगा। शिक्षा संचालक से निर्देश होने पर कमीशन ने १९५१ में ही उसको अधीनस्थ शिक्षा सेवा के ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स् ग्रेड में अन्तर्निधान के लिये अनुमोदित कर दिया था। भारत के गवर्नर-जनरल तथा महाराजा बनारस में जो समझौता हुआ था उसके अनुसार बनारस राज्य के स्थायी कर्मचारी राज्य के विलीनीकृत होने के पश्चात् या तो सेवा में उन शर्तों पर लगे रह सकते थे जो कि उनकी राज्य की सेवा की शर्तों से कम लाभकारी न हों या उचित क्षतिपूर्ति के पश्चात् कार्यभार से मुक्त कर दिये जा सकते थे। क्योंकि विचाराधीन व्यक्ति अधीनस्थ शिक्षा सेवा (गजटेड) में प्रधानाध्यापक के पद पर भर्ती होने के लिये न्यूनतम योग्यता अर्थात् प्रथम या द्वितीय श्रेणी की पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री नहीं रखता था, कमीशन शासन के प्रस्ताव से सहमत नहीं हुआ और परामर्श दिया कि चूंकि यहां के ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड का वेतनक्रम १२०-८-२००-दक्षता रोक-१०-३०० रु० था, जिसमें उसका विलीनीकरण पहले ही हो चुका था, और चूंकि बनारस राज्य के प्रधानाध्यापक का वेतन-क्रम २००-१०-३०० रु० था और २०० रु० के पश्चात् ये दोनों वेतन-क्रम एक ही थे, विचाराधीन पदाधिकारी का वेतन राज्य के विलीन होने के समय २०० रु० पर निश्चित कर दिया जाय, और यह समझा जाय कि उसने दक्षता रोक पार कर ली है। ये शर्तें उसके बनारस राज्य के प्रधानाध्यापक के पद से सम्बन्धित शर्तों से उसके लिये कम अनुकूल न होंगी। कमीशन ने यह भी कहा कि अधीनस्थ शिक्षा सेवा (गजटेड) में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति के लिये उस पर अन्य उपयुक्त अभ्यर्थियों के साथ नियमित प्रणाली द्वारा विचार किया जाय।

३--कमीशन को विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के पदधारियों के निम्नलिखित ६ मामले भी अन्तर्निधान के लिये निर्देशित किये गये, परन्तु इस वर्ष उन पर उनके आगे दिये हुए कारणों से कार्यवाही न हो सकी :--

क्रम-संख्या	विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तस्थ खंडों के नाम	सेवा या पद	अभ्यर्थियों की संख्या	टिप्पणियां
१	बनारस	ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापक	१	कुछ सूचना तथा सम्बन्धित पदधारियों की चरित्रावलियां नहीं प्राप्त हुई थीं।
२	समथर (झांसी)	तदेव	२	
३	चरखारी (हमीरपुर)	तदेव	३	कमीशन ने उनको साक्षात्कार करने का निर्णय किया जोकि इस वर्ष न हो सका।
		योग ...	६	

११--स्थानान्तरण द्वारा चुनाव

इस वर्ष स्थानान्तरण द्वारा चुनाव के निम्नलिखित पांच मामलों में कमीशन से परामर्श लिया गया। प्रथम तीन मामलों में कमीशन ने प्रस्तावित स्थानान्तरण का अनुमोदन किया, परन्तु अन्तिम दो में वह सहमत नहीं हुआ क्योंकि उसने सम्बन्धित पदधारियों को उन पदों के लिये जिन पर उन्हें नियुक्त करना प्रस्तावित किया गया था, उपयुक्त नहीं समझा--

(१) श्री हर चरन सिंह, सदस्य, का अधीनस्थ-कृषि-सेवा, प्रथम ग्रूप से मेकेनाइज्ड स्टेट फार्म विभाग के उसी ग्रूप में फार्म सुपरिन्टेन्डेन्ट के पद पर स्थानान्तरण।

(२) कोआपरेटिव इन्स्पेक्टरों के नियमित सम्वर्ग में से एक इन्सपेक्टर का खेतों की चकबन्दी के इन्सपेक्टर (Inspector of holdings) के पद पर स्थानान्तरण।

(३) श्रीमती सुनीता रानी सक्सेना, बालिका विद्यालयों की सहायक निरीक्षिका का निरीक्षण की ओर से शिक्षा की ओर ट्रेन्ड ग्रेजुएटस् ग्रेड में सहायक अध्यापिका के पद पर स्थानान्तरण।

(४) कुमारी गीता बनर्जी, बालिका विद्यालयों की सहायक निरीक्षिका का निरीक्षण की ओर से शिक्षा की ओर ट्रेन्ड ग्रेजुएटस् ग्रेड में सहायक अध्यापिका के पद पर स्थानान्तरण।

(५) श्रीमती आर० एल० डेविड, बालिका विद्यालयों की सहायक निरीक्षिका का निरीक्षण की ओर से शिक्षा की ओर ट्रेन्ड ग्रेजुएट्स ग्रेड में सहायक अध्यापिका के पद पर स्थानान्तरण।

१२--पुष्टिकरण

इस वर्ष कमीशन को नियुक्ति विभाग ज्ञाप सं० २९४९/२-बी--१००-१९५३, दिनांक १० दिसम्बर, १९५३ के अनुसार ८५ पदधारियों के मामलों पर, जिनमें दो पिछले वर्ष के सम्मिलित थे, विचार करना पड़ा। इन पदधारियों में से ८२ के मामले, जिनका विवरण परिशिष्ट ७ में दिया हुआ है, कमीशन ने निबटा दिये। उत्तर प्रदेश पंचायत राज विभाग में अतिरिक्त सहायक संचालक के पद पर पुष्टिकरण का मामला, जो परिशिष्ट ७ की क्रम-संख्या २४ में दिया हुआ है, कमीशन के पुनर्विचारार्थ फिर से निर्देशित किया गया। शेष तीन पदधारियों के पुष्टिकरण के मामले (दो कोआपरेटिव इन्सपेक्टर के पदों पर और एक प्रान्तीय चिकित्सा सेवा, प्रथम श्रेणी में) उनकी चरित्रावलियों के अभाव के कारण इस वर्ष के अन्त तक न निबटाये जा सके।

१३--पुनरावेदन तथा अनुशासनात्मक मामले

इस वर्ष कमीशन के परामर्श के लिये ४३ पुनरावेदन या निवेदन और २४ मौलिक अनुशासनात्मक मामले निर्देशित किये गये। इनमें से तीन मामले निबटाये न जा सके, क्योंकि वे या तो वर्ष के अन्त में प्राप्त हुये थे या उनके सम्बन्ध में कमीशन को शासन से कुछ और पत्र एवं सूचनायें मांगनी पड़ीं। एक मामले में कमीशन ने शासन को सब पत्र वापस कर दिये क्योंकि अभियुक्त ने त्यागपत्र दे दिया था, जिसे शासन ने स्वीकार कर लिया था। कमीशन ने शेष सब ६३ मामलों पर विचार किया और अपना परामर्श दिया। शासन ने ५६ मामलों में कमीशन का परामर्श मान लिया और शेष ७ मामलों में वर्ष के अन्त तक शासन की आज्ञा प्राप्त नहीं हुई थी।

२--१९५३-५४ के ६ और १९५२-५३ के दो मामलों पर, जो निबटाये न जा सके थे, कमीशन ने विचार किया और उनमें से ७ मामलों में शासन को परामर्श दिया। इन सब मामलों में कमीशन का परामर्श मान लिया गया। १९५२-५३ के शेष एक मामले में सम्पूर्ण सूचना इस वर्ष में भी प्राप्त नहीं हुई थी।

३—पिछले वर्ष के ८ मामले ऐसे थे जिनमें शासन की आज्ञा की प्रतीक्षा थी। उनमें से ७ मामलों में शासन ने कमीशन का परामर्श पूर्ण रूप से, और शेष एक में आंशिक रूप से, जैसा कि पैरा ५ में नीचे वर्णित है, मान लिया। १९५२–५३ के चार मामलों में शासन की आज्ञा की प्रतीक्षा थी। इनमें से दो में कमीशन का परामर्श मान लिया गया, और एक में यद्यपि परामर्शानुसार पुनरावेदन अस्वीकार कर दिया गया था, पुनरावेदक की चरित्रावली में से प्रतिकूल प्रविष्टि को निकालने के विषय में आज्ञा की तब भी प्रतीक्षा थी। शेष एक मामले में शासन की आज्ञा वर्ष के अन्त तक प्राप्त नहीं हुई थी।

४—कमीशन ने परामर्श दिया कि शासकीय डेरी फार्म के एक भूतपूर्व डेरी सुपरवाइजर को सेवा से हटाये जाने की पशुपालन विभाग के संचालक की आज्ञा के विरुद्ध उसकी अपील स्वीकार की जाय, जिस पर शासन ने उसकी पुनः नियुक्ति करने की आज्ञा दे दी थी, परन्तु पुनरावेदक कर्त्तव्य भार संभालने के लिये उपस्थित न हुआ। उसको भेजा हुआ पत्र इस टिप्पणी के साथ कि उसने स्थान छोड़ दिया है, वापस आ गया। तब पशुपालन विभाग के संचालक ने उसको सेवा से हटाये जाने की आज्ञा दे दी और दंड आज्ञा में यह उल्लेख कर दिया कि क्योंकि पुनरावेदक से पत्र–व्यवहार करना मुमकिन नहीं था, क्लासिफिकेशन, कंट्रोल तथा अपील नियमों के पैरा ५५ के उपबंधों का प्रयोग नहीं किया गया था। उन्होंने अपनी आज्ञा में संविधान के अनुच्छेद ३११(२) का उल्लेख नहीं किया। इस मामले में यह भी आवश्यक था कि संविधान के अनुच्छेद ३११ की धारा (२) के उपबन्धों का भी प्रयोग न किया जाय। कमीशन ने शासन से कहा कि क्लासिफिकेशन, कंट्रोल तथा अपील नियमों के पैरा ५५ में दी हुई कार्य पद्धति को प्रयोग में न लाने के संचालक द्वारा दिखाये गये कारण संविधान के अनुच्छेद ३११(२) के अनुसार कार्यवाही न करने के लिये भी लागू होते थे, परन्तु भविष्य में कानूनी जटिलताओं से बचने के लिये यह आवश्यक था कि उपरि संकेतित प्रविधिक दोष को भी हटा दिया जाये। शासन ने कमीशन का परामर्श मान लिया और संचालक से कहा कि अपनी आज्ञा को तदनुसार संशोधित कर दें।

५—शासन ने कमीशन से ७१ रु० ११ आ० की, जो कि एक सरकारी टाइम पीस तथा २० शीट टी० बी० सील का मूल्य था, एक भूतपूर्व एरिया राशनिंग अफसर, जिसको कंट्रोल संगठन में छंटाई के कारण कार्यमुक्त कर दिया गया था, के शेष वेतन में से प्रस्तावित वसूली के विषय में परामर्श मांगा। मामले पर विचार करने के पश्चात्, कमीशन ने जनवरी, १९५४ में कहा कि चूंकि एरिया राशनिंग अफसर के विरुद्ध ग़बन का दोषारोप था, उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही क्लासिफिकेशन, कंट्रोल तथा अपील नियमों के पैरा ५५ के अन्तर्गत की जानी चाहिये थी और छंटाई के फलस्वरूप उसकी सेवा एक मास की सूचना देकर समाप्त कर देने के बजाय उन नियमों के अनुसार अन्तिम निर्णय लेना चाहिये था, परन्तु कमीशन ने यह भी कहा कि क्योंकि एरिया राशनिंग अफसर की सेवा समाप्त की जा चुकी थी और उसके ठिकाने का कहीं पता न था, उसके शेष वेतन में से उपर्युक्त धनराशि को वसूल करके मामले को समाप्त कर दिया जाय। कमीशन ने यह भी संस्तुत किया कि भविष्य में राजसेवा में नियुक्ति के लिये उसको प्रतिवारित (debar) कर दिया जाय। शासन ने ९ मास पश्चात् उसके शेष वेतन में से वसूली की आज्ञा की एक प्रतिलिपि भेजी, परन्तु भविष्य में राज सेवा में नियुक्ति के लिये उसको प्रतिवारित करने के कमीशन के सुझाव पर कुछ न कहा। शासन से तदनुसार पूछा गया कि क्या वे सम्बन्धित व्यक्ति को भविष्य में राज सेवा में नियुक्ति के लिये प्रतिवारित करने की आज्ञा देने का विचार रखते हैं। वर्ष के अन्त तक शासन से कोई उत्तर प्राप्त न हुआ था।

६—एक अनुशासनात्मक मामले में, जो उसको निर्देशित किया गया था, कमीशन ने शासन को फरवरी, १९५३ में परामर्श दिया कि क्लासिफिकेशन, कंट्रोल तथा अपील नियमों के पैरा ५५ तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३११(२) के वैधानीय उपबन्धों का पालन न होने के कारण इस मामले में कार्यवाही दूषित थी। इसलिये कमीशन ने सुझाव दिया था कि

कार्यवाही उपर्युक्त उपबन्धों के अनुसार पुनः नये सिरे से की जाय। कमीशन का परामर्श मान लिया गया, पुनरावेदन स्वीकार कर लिया गया और अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही फिर से शुरू की गयी। कमीशन को मामला पुनः जनवरी, १९५५ में कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात् परामर्श के लिये निर्देशित किया गया, परन्तु कमीशन ने देखा कि जांच करने वाले अफसर की कार्यवाही में सावधानी का पुनः अभाव था। अभियुक्त को अपने बचाव का तथा गवाहों से उन तथ्यों पर जिनको उसने स्वीकार नहीं किया था, प्रतिपरीक्षण करने का यथानियम अवसर नहीं दिया गया था। सौभाग्यवश इस मामले में प्रासंगिक दोषारोप पुनरावेदक के स्वयं अंगीकार (admission) से साबित हो गया था और उसने यह भी कहा था कि उस दोषारोप के विषय में उसको उत्तरपक्ष के कोई साक्षी नहीं पेश करने थे। इसलिये कमीशन ने कार्यवाही में हस्तक्षेप करना आवश्यक नहीं समझा, परन्तु शासन को संकेत किया कि जांच करने वाले अधिकारियों को भविष्य में अधिक सावधानी रखने के लिये सतर्क कर दिया जाय और उनको आगाह कर दिया जाय कि जो विभागीय कार्यवाही सावधानी से और सुचारुरूप से नहीं करेंगे उनके साथ कड़ा व्यवहार किया जा सकता है।

७—पिछले वर्ष कमीशन ने शासन को सुझाव दिया था कि किसी स्थापना के किसी भाग के हटने पर सरकारी कर्मचारियों की छंटनी के लिये चुनाव जैसा कि पदोन्नति के मामलों में होता है, उन सेवाओं या पदों के सम्बन्ध में जो कि उनके पर्यवलोकन में हैं उनके परामर्श से केवल योग्यता (मेरिट) के आधार पर ही होना चाहिये और सम्बन्धित विभाग को प्राथमिक चुनाव करके कमीशन को परामर्श के लिये निर्देशित करना चाहिये। अस्थायी सरकारी कर्मचारियों की सेवा को एक मास की सूचना या उसके बदले में एक मास का वेतन देकर समाप्त करने की शासन की सामान्य आज्ञा को दृष्टि में रखते हुए और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि अस्थायी सरकारी कर्मचारी को इस प्रकार से कार्यभार से मुक्त करना उसके विरुद्ध किसी अनुशासनात्मक कार्यवाही के फलस्वरूप नहीं होता, शासन ने निर्णय किया कि अस्थायी सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के सम्बन्ध में कमीशन से परामर्श लेना आवश्यक नहीं था, चाहे सम्बन्धित व्यक्तियों की भर्ती कमीशन द्वारा ही क्यों न हुई हो।

८—खाद्य तथा रसद विभाग के एक कर्मचारी के मामले में, जिसको १९४४ में सेवा से पदच्युत (dismiss) कर दिया गया था और जिसने रेलवे विभाग में उसके अगले वर्ष एक नियुक्ति प्राप्त कर ली थी, शासन ने रेलवे अधिकारियों की संस्तुति पर उसकी पदच्युति (dismissal) के कारण उसकी पुनर्नियुक्ति पर लगाये हुये प्रतिबन्ध को हटाने और उसका नाम राजकीय सेवा से प्रतिवारित (debarred) व्यक्तियों की सूची में से निकालने के अपने प्रस्ताव पर कमीशन से परामर्श मांगा। मामले की पात्रता तथा उसके प्रविधिक पहलू पर विचार करने के पश्चात् कमीशन ने परामर्श दिया कि दस वर्ष पूर्व सेवा से पदच्युत किये जाने के कारण अभ्यर्थी पर लगे हुये प्रतिबन्ध को हटाना उचित न होगा। उस अभ्यर्थी की रेलवे विभाग में विशेष कार्य-कुशलता, वफादारी तथा कार्य में अनुरक्तता को दृष्टि में रखते हुये और इस आधार पर कि पदच्युति किसी व्यक्ति को केवल साधारणतः पुनः नियुक्ति के लिये अयोग्य ठहराती है, शासन ने उसका मामला कमीशन के पुनर्विचार के लिये फिर से भेजा। कमीशन ने बतलाया कि नियुक्ति विभाग की विज्ञप्ति सं० २६२७/II--२६४, दिनांक ३ अगस्त, १९३२, के साथ प्रकाशित किये हुये अधीनस्थ सेवाओं के दन्ड तथा पुनरावेदन के नियमों के नियम १ (VII) में जो शब्द प्रयोग किये गये हैं, वे ये हैं--

"dismissal from the civil service of the State which ordinarily disqualifies from future employment"

अर्थात् "शासन की असैनिक सेवा से पदच्युत किया जाना जोकि साधारणतः भविष्य में नियुक्ति के लिये अयोग्य ठहराता है।" यह शब्द स्पष्ट रूप से दिखलाते हैं कि पदच्युति का दण्ड पदच्युत किये गये व्यक्ति को भविष्य में राजकीय सेवा में उसकी नियुक्ति के लिये साधारणतः अयोग्य ठहरायेगा। किसी व्यक्ति का पदच्युत किया जाना उसको भविष्य में

नियुक्ति के लिये अयोग्य ठहराये या नहीं, यह उसके अपराध की गम्भीरता पर निर्भर होता है और इस विषय में निर्णय दण्ड देते समय ही लेना चाहिये। कमीशन ने यह भी कहा कि उसके मत में भविष्य में नियुक्ति के लिये लगाये हुये प्रतिबन्ध को बाद में हटाना उपनियम (vii) का ऐसा अर्थ निर्णय करना होगा जो कि न तो शब्दों के ही अनुकूल है और न शासन के हित में ही प्रतीत होता है। विशेष मामलों में अपवाद के समर्थन के लिये असाधारण परिस्थितियां चाहियें। क्योंकि विचारणीय मामले में कोई असाधारण परिस्थितियां नहीं थीं और क्योंकि सम्बन्धित व्यक्ति ने अपने पदच्युत होने का तथ्य रेलवे विभाग से छिपा कर वहां नियुक्ति प्राप्त कर ली थी, उसकी सेवायें इस छल की परिस्थिति में कोई न्यायोचित असाधारण परिस्थिति नहीं संविहित (constitute) कर सकती थीं, कमीशन अपने पूर्व विचार पर दृढ़ रहा कि उसके पदच्युत होने के फलस्वरूप लगे हुये प्रतिबन्ध को हटाना अनुचित होगा। वर्ष के अन्त तक इस मामले में शासन ने अन्तिम निर्णय नहीं लिया था।

९--एक जेल के एक पूर्व वार्डर के पुनरावेदन के सम्बन्ध में कमीशन ने शासन को बतलाया कि जेल मैनुअल के पैरा ११२१ (ए) के नीचे दिया हुआ नोट, जिसके अनुसार जब किसी जिला जेल के प्रधान वार्डर या वार्डर को सेवा से हटाये जाने या पदच्युत किये जाने का प्रस्ताव होता है तो जिला जेल का सुपरिन्टेन्डेन्ट असैनिक सेवाओं (क्लासिफिकेशन, कन्ट्रोल तथा अपील) के नियमों और शासकीय आज्ञाओं के मैनुअल के अनुसार जांच को पूर्ण करने के पश्चात् संबंधित केन्द्रीय कारागार के सुपरिन्टेन्डेन्ट की आज्ञा के लिए मामले को निर्देशित करेगा, स्पष्ट नहीं था। निर्देशाधीन मामले में उत्तर प्रदेश के कारावास के इन्सपेक्टर जनरल ने उपर्युक्त नोट में दिये हुये निदेशों का यह अर्थ निर्णय किया था कि किसी प्रधान वार्डर या वार्डर के पद से हटाये जाने या पदच्युत किये जाने के उन मामलों में, जिनको जिला जेल का सुपरिन्टेन्डेन्ट केन्द्रीय कारागार के सुपरिन्टेन्डेन्ट को निर्देशित करता है, केन्द्रीय कारागार के सुपरिन्टेन्डेन्ट को प्रस्तावित दंड-आज्ञा का पुष्टिकरण करने या उसको अस्वीकार करने का अधिकार था और ऐसे मामलों में उसे स्वयं कोई और आज्ञा देने का अधिकार न था। कमीशन ने ठहराया कि उपर्युक्त नोट में "आज्ञा के लिये" शब्द बहुत विस्तृत थे और उनमें केवल स्वीकृति ही नहीं, बल्कि संशोधन या अस्वीकृति भी सम्मिलित थी। कमीशन ने तदनुसार शासन को सुझाव दिया कि यदि शासन इस अर्थ निर्णय से सहमत हो, तो नोट का अभिप्राय उनके परामर्श से उचित रूप से संशोधन करके स्पष्ट कर दिया जाय।

१४--असाधारण पेन्शन तथा उपदान

इस वर्ष असाधारण पेन्शन या उपदान के २० मामले, जो कि परिशिष्ट ८ में उल्लिखित हैं, कमीशन को परामर्श के लिये निर्देशित किये गये। इनमें से १४ मामले पुलिस विभाग के, दो माल विभाग (Revenue Department) तथा दो सामान्य सचिवालय के और एक-एक सिंचाई तथा पशुपालन विभाग के थे। इनमें से १९ मामलों में कमीशन ने अपना परामर्श दिया। १४ मामलों में कमीशन का परामर्श मान लिया गया और शेष पांच में शासन की आज्ञा वर्ष के अन्त तक प्राप्त नहीं हुई थी। शेष एक मामला जोकि मार्च, १९५५ में प्राप्त हुआ था, वर्ष के अन्त तक निबटाया न जा सका।

२--पिछले वर्ष के चार मामले ऐसे थे जिनमें शासन की आज्ञा की प्रतीक्षा थी। इनमें से दो मामलों में कमीशन का परामर्श मान लिया गया और शेष दो में इस वर्ष के अन्त तक भी शासन की आज्ञा प्राप्त नहीं हुई थी।

१५--वैध व्ययों के लौटाने के लिये दावे

इस वर्ष सरकारी कर्मचारियों के अपनी रक्षा के हेतु किये गये वैध व्ययों को प्रत्यर्पण करने के सात मामले कमीशन को परामर्श के लिये निर्देशित किये गये, जिनका विवरण परिशिष्ट ९ में दिया हुआ है। कमीशन ने इन सब मामलों में तथा पिछले वर्ष के दो विचाराधीन मामलों में भी अपना परामर्श दिया। कमीशन का परामर्श शासन ने ८ मामलों में मान लिया। शेष एक मामले में वर्ष के अन्त तक शासन की आज्ञा प्राप्त नहीं हुई थी।

२--कमीशन ने शासन को सुझाव दिया था कि शासकीय आज्ञाओं की मैनुअल के पैरा ३२३-ए के उस उपबन्ध का अर्थ स्पष्ट कर दिया जाय, जो उन सरकारी कर्मचारियों, जिन पर शासन ने स्वयं असफलतापूर्वक अभियोग चलाया हो, के वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के सम्बन्ध में था । मामला अब भी शासन के विचाराधीन है।

३--कमीशन ने तत्पश्चात् शासकीय आज्ञाओं की मैनुअल के पैरा ३२३-ए के अग्रेतर संशोधन का सुझाव दिया। यह पैरा दूसरे विषयों के साथ यह उल्लेख करता है कि यदि सरकारी कर्मचारी बाद में दोषमुक्त कर दिया जाय और उसका चरित्र निष्कलंकित ठहर जाय तो शासन उतना उचित व्यय, जितना उसने अपनी रक्षा में किया है, उसे प्रत्यर्पित करेगा। परन्तु कुछ मामलों में ऐसा होता है कि अभियुक्त दोषमुक्त होने के बजाय ट्राइंग मैजिस्ट्रेट द्वारा या तो वादी की उदासीनता के कारण या मामले में किसी वैधानिक दोष के कारण केवल छोड़ दिया जाता है। ऐसे मामलों में शासन को यह निर्णय करना होता है कि सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी का चरित्र निष्कलंकित ठहरा या नहीं। कमीशन ने कहा कि ऐसा करने में सहायता मिलेगी, यदि वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के सब मामलों में विभागीय अध्यक्ष या शासन, जो भी सम्बन्धित हों, जिलाधीश से परामर्श ले लें कि सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी का चरित्र निष्कलंकित ठहरा या नहीं और जिलाधीश उसी कार्य-पद्धति का अनुसरण करें, जो कि पुलिस रेगुलेशन्स के पैरा ५०१(८) (एच) में दी हुई है। कमीशन नोट करता है कि उपर्युक्त पंक्तियों के अनुसार अनुदेश शासकीय आज्ञाओं की नई मैनुअल (१९५४ संस्करण) के परिशिष्ट ७ में सम्मिलित कर दिये गये हैं।'

१६--सेवाओं तथा पदों के लिये नियम

इस वर्ष कमीशन ने विविध सेवाओं तथा पदों पर भर्ती के नियम तथा/या नियुक्ति के लिये व्यक्तियों की सेवा के प्रतिबन्धों का परीक्षण किया और आलोचना की या स्वयं नियमों का संशोधन प्रस्तावित किया या प्रस्तावित संशोधनों पर राय दी। ऐसे ४२ मामले परिशिष्ट १० में वर्णित हैं।

२--कई मामलों में कमीशन ने देखा कि अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय तथा लेखन-सामग्री, इलाहाबाद से प्राप्त सेवा-नियमों की प्रतियों में समय-समय पर किये गये विविध संशोधनों के शुद्धि-पत्रक नहीं सम्मिलित थे। उनको ऐसा प्रतीत होता था कि शुद्धि-पत्रकों के छापने तथा वितरण करने की प्रथा समाप्त हो चुकी थी। कमीशन ने तदनुसार शासन को सुझाव दिया कि सब सम्बन्धित अधिकारियों को आज्ञा दे दी जाय कि संशोधन की विज्ञप्ति निकालने के साथ ही साथ सम्बन्धित सेवा-नियमों के शुद्धि-पत्रक भी छपवा लिये जाया करें और अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय तथा लेखन-सामग्री को भी आदेश दे दिये जायं कि प्रासंगिक सेवा के नियमों की प्रत्येक प्रति के साथ उसके शुद्धि-पत्रक सदा भेजे जाया करें और ऐसे सब शुद्धि-पत्रकों की कम से कम दस प्रतियां कमीशन को भेज दी जाया करें।

३--भारतीय सरकार ने इंडियन फारेस्ट्स रेन्जर्स कालिज, देहरादून के फारेस्ट रेन्जर्स में फारेस्ट्री के पाठ्यक्रम के नियमों में संशोधन कर दिया था। इससे अधीनस्थ वन (वन रक्षक, उपवन रक्षक तथा फारेस्टर्स) सेवा-नियमों के कुछ नियमों को कालिज के नियमों के अनुसार बनाने के लिये संशोधन आवश्यक हो गया। उपर्युक्त नियमों के संशोधन का परीक्षण करते समय कमीशन ने देखा कि कालिज के नियमों में उसमें भर्ती होने के लिये, जो परीक्षा होती है, उसे कमीशन द्वारा संचालित किये जाने का कोई निदेश नहीं था। व्यवहार में यह चला आता था कि ऐसे अभ्यर्थियों को, जिनका चुनाव कमीशन द्वारा एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा के आधार पर होता था, विद्यालय के नियमों के नियम १४ में निर्धारित परीक्षा में उत्तीर्ण होने की आवश्यकता नहीं होती थी। केवल उनको जोकि कमीशन द्वारा सिर्फ साक्षात्कार के पश्चात् चुने जाते थे, कालिज में भर्ती के पूर्व एक

योग्यता-निरीक्षण परीक्षा (qualifying examination) में सम्मिलित होना पड़ता था। शासन से तदनुसार प्रार्थना की गई कि फारेस्ट्री में रेन्जर्स के पाठ्यक्रम के नियमों में आवश्यक निवेश कर दें। प्रदेशीय सरकार ने यह मामला भारतीय सरकार को निर्देशित किया है।

४--पिछले वर्ष की रिपोर्ट के पैरा ३ में कमीशन ने सुझाव दिया था कि उत्तर प्रदेश सिविल (एक्जीक्यूटिव) सेवा से मुख्य प्रोबेशन अफसर के पद पर स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के मामले में उनसे परामर्श का निवेश सेवा-नियमों में कर दिया जाय और नियम इतने स्पष्ट तथा सांगोपांग होने चाहिये जितना संभव हो। उत्तर में शासन ने कहा कि मुख्य प्रोबेशन अफसर की सेवा के प्रतिबन्धों में वे अति मौलिक परिवर्तन करने का विचार कर रहे थे और विद्यमान सेवा-नियमों के संशोधन का प्रश्न बाद में लिया जायेगा।

५--कमीशन के इस सुझाव पर कि उनसे किसी राज्य-सेवा की द्वितीय श्रेणी से प्रथम श्रेणी में पदोन्नति के मामलों में परामर्श होना चाहिये, क्योंकि दोनों श्रेणियां दो भिन्न-भिन्न सेवायें थीं और तदनुसार कमीशन के १९४१ के कार्य-सीमन विनियमों के विनियम ४(सी) का संशोधन कर दिया जाय, शासन ने उत्तर दिया कि उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्य-सीमन सम्बन्धी विनियमों, १९५४ को अन्तिम रूप देते समय कमीशन की राय पर विचार किया गया था और यह निर्णय किया गया कि १९४१ के विनियमों के विनियम ४ (सी) में धारित निवेश १९५४ के विनियमों के विनियम ६(सी) में उसी प्रकार रखे जायं। क्योंकि प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति नितान्त मेरिट पर आधारित है, कमीशन महसूस करते हैं कि वह उनके परामर्श से ही होनी चाहिये। अतः मामला शासन को पुनर्विचार के लिये पुनः निर्देशित किया गया है।

६--बहुत से सेवा-नियम ऐसे हैं जो संशोधन या अन्तिम रूप देने के लिये बहुत अरसे से शासन के विचाराधीन हैं। उदाहरणार्थ उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा, द्वितीय श्रेणी, के आलेख्य नियम, जिन पर कमीशन ने सन् १९४३ में आलोचना की थी, अभी तक अन्तिम रूप से तय नहीं हो पाये हैं। कमीशन महसूस करते हैं कि सेवा-नियमों को अन्तिम रूप देने के पूर्व उनको कई अवस्थाओं से पार होना पड़ता है और कई अधिकारियों से उन पर परामर्श लेना होता है--जैसे एकाउन्टेन्ट जनरल, वित्त विभाग, नियुक्ति विभाग और कमीशन, परन्तु तब भी इतनी देर जितनी कि उपर्युक्त मामले में हुई है, का कोई पर्याप्त औचित्य नहीं है।

१७--कार्य सीमन सम्बन्धी विनियम

कमीशन इससे सहमत हो गया कि सूचना संचालक के प्रधान कार्यालय के संचालक के कर्मचारिगण (ministerial staff) उनके पर्यवलोकन में आ जायं, परन्तु उन्होंने यह कहा कि यह कर्मचारिगण कमीशन के कार्य-सीमन सम्बन्धी विनियमों, १९५४ से संलग्न सूची की मद-संख्या ५ की प्रविष्टि का भाग नहीं समझे जा सकते, क्योंकि सूचना विभाग एक विभागाध्यक्ष का कार्यालय था और सचिवालय का भाग नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि उपर्युक्त सूची में एक पृथक् निवेश शासन के नियुक्ति (ख) विभाग की आज्ञा के अन्तर्गत करना होगा।

२--शासन ने कानपुर एलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन, कानपुर में वेलफेयर अफसर के पद को कमीशन के पर्यवलोकन से निकालने का प्रस्ताव किया, क्योंकि उस पद का नियुक्ति-प्राधिकारी कानपुर एलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन का जनरल मैनेजर था और राज्यपाल नहीं। क्योंकि उस पद का वेतन-क्रम २००-१०-२५०-दक्षता रोक-१५-४०० रु० था और भूतकाल में उस पद के लिये चुनाव उनके परामर्श से हुआ था, कमीशन का मत था कि पद उनके पर्यवलोकन में ही रहे और उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्य-सीमन सम्बन्धी विनियमों से संलग्न सूची में सम्मिलित कर दिया जाय, परन्तु शासन ने उस पद को कमीशन के पर्यवलोकन से निकालने का निर्णय किया। क्योंकि पद बहुत महत्वपूर्ण नहीं था, कमीशन ने इस मामले में और लिखा-पढ़ी करना उचित नहीं समझा।

३--भूमि संरक्षण तथा ऊसर और क्षय हुई भूमि को सुधारने की योजना में ट्यूब-वेल और पावर हाउस को कायम रखने तथा रक्षण के सम्बन्ध में दस वर्गों के सृजित पदों को उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (कार्य सीमन सम्बन्धी) विनियमों, १९५४ से संलग्न सूची में सम्मिलित करने के विषय में उत्तर प्रदेश कृषि संचालक से एक निर्देश होने पर कमीशन ने परामर्श दिया कि निम्नलिखित केवल तीन श्रेणियों के पदों के विषय में जिनके वेतनक्रम की उच्चतम सीमा २०० रु० से अधिक थी, उनसे परामर्श की आवश्यकता थी और उनसे कहा कि शासन से उन पदों को उपर्युक्त सूची में सम्मिलित करने के लिये निर्देश करें :--

(१) पावर हाउस सुपरिन्टेन्डेन्ट जो २००-४०० रु० के वेतनक्रम में है।
(२) प्रधान मिस्त्री जो १२०-२५० रु० के वेतन-क्रम में हैं।
(३) लाइन इन्सपेक्टर जो १२०-२५० रु० के वेतन-क्रम में हैं।

४--पद की प्रतिष्ठा तथा उसके वेतन को ध्यान में रखते हुये कमीशन ने उत्तर प्रदेश, सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर को सुझाव दिया कि १६०-१५-२८०-दक्षता रोक-२०-४०० रु० के वेतनक्रम में सुपरवाइजर तथा स्टोर कीपर के सम्मिलित पद को, जो कि किसी सेवा के संवर्ग में नहीं था, उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (कार्य-सीमन सम्बन्धी) विनियमों, १९५४ से संलग्न सूची में सम्मिलित कर दिया जाय। उन्होंने तदनुसार उनसे कहा कि इस विषय में शासन को निर्देश करें। चीफ इंजीनियर ने उत्तर दिया कि पद केवल पदोन्नति द्वारा ही भरा जाता था और इसलिये उसको सूची में सम्मिलित करना आवश्यक नहीं था। कमीशन ने तब संकेत किया कि यदि यह पद पदोन्नति द्वारा ही भरा जाने वाला था तब भी वह उनके परामर्श से ही भरा जाना चाहिये और उनसे कहा कि शासन को निर्देशित करें कि उपर्युक्त सूची में सम्मिलित करके यह पद उनके पर्यवलोकन में ला दिया जावे।

५--शासन ने कमीशन के परामर्श से निम्नलिखित सेवाओं तथा पदों को कमीशन के पर्यवलोकन से निकालने का निर्णय किया :--

(i) अधीनस्थ श्रम सेवा में वे पद जिनका अधिकतम वेतन २०० रु० या उससे कम था।
(ii) हाइड फ्लेइंग तथा क्यूरेशन इत्यादि सेन्टर के लिये कार्यवाहक मैनेजर तथा इन्स्ट्रक्टर का संयुक्त पद।
(iii) फ्लेइंग सुपरवाइजर (Flaying Supervisor)
(iv) १२०-२०० रु० के वेतन-क्रम में सहायक चकबन्दी अफसर।
(v) अधीनस्थ उद्योग सेवा में निम्नांकित पदों के सिवाय सब पद, जिनका अधिकतम वेतन २०० रु० या उससे कम था :--

[१] राजकीय टेक्निकल इन्स्टीट्यूट, लखनऊ में मशीन कन्स्ट्रक्शन तथा ड्राइंग का प्रथम इन्स्ट्रक्टर,

[२] राजकीय काष्ठकला इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद तथा राजकीय सेन्ट्रल काष्ठकला इन्स्टीट्यूट, बरेली में पालिश इन्स्ट्रक्टर,

[३] राजकीय काष्ठकला इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद तथा राजकीय सेन्ट्रल काष्ठकला इन्स्टीट्यूट, बरेली में प्रथम ड्राइंग मास्टर, और

[४] राजकीय टेक्निकल इंस्टीट्यूट, झांसी में ड्राइंग मास्टर।

उपर्युक्त चारों श्रेणियों के पदों का वेतनक्रम अस्थायी रूप से २००-१५-३५० रु० में परिवर्तित कर दिया गया है।

(vi) सहायक अध्यापक तथा सहायक अध्यापिकायें जिनका अधिकतम वेतन २०० रु० प्रति माह तक है।

६--निम्नलिखित श्रेणियों के पद कमीशन के पर्यवलोकन में लाये गये :--

(क) मध्यम तथा लघु श्रेणी के उद्योगों में शरणार्थियों के अन्तर्निधान के लिये ट्रेनिंग तथा प्रोडक्शन सेन्टरों के सम्बन्ध में सृजित योजना में--

(१) लेखा के इन्सपेक्टर,
(२) सुपरवाइजर,
(३) प्रोडक्शन के सुपरिन्टेन्डेन्ट,
(४) ज्येष्ठ इन्स्ट्रक्टर,
(५) उद्योगों के सुपरिन्टेन्डेन्ट,
(६) सुपरिन्टेन्डेन्ट (ऋण), तथा
(७) इन्क्वायरी इन्सपेक्टर ।

(ख) वैद्य तथा हकीम,

(ग) उत्तर प्रदेश शासकीय हैन्डीक्रैफ्ट्स में बिक्री तथा एजेन्सियों के सुपरिन्टेन्डेन्ट,

(घ) सार्वजनिक निर्माण विभाग के अनुसन्धान संगठन में सहायक केमिस्ट तथा सहायक जियोलोजिस्ट ।

१८--विविध निर्देश

रिटायर्ड अधिकारियों की पुनः नियुक्ति, शासन के अधीन विविध सेवाओं तथा पदों पर भर्ती के लिये डिग्रियों तथा डिप्लोमाओं की मान्यता तथा ज्येष्ठता निर्धारित करने इत्यादि के विषय में कमीशन को किये गये निर्देशों में से ७३ अधिक महत्वपूर्ण विविध निदशों की एक सूची परिशिष्ट ११ में दी हुई है ।

१९--अन्य विषय

१--<u>अखिल भारतीय समाचार-पत्रों में कमीशन के विज्ञापनों के प्रकाशन में विलम्ब</u>--ऐसे कई दृष्टान्त हुये हैं जिनमें सूचना संचालक के कार्यालय ने जिसके द्वारा कमीशन के विज्ञापन समाचार-पत्रों को प्रकाशनार्थ भेजे जाते हैं, अखिल भारतीय समाचार-पत्रों को विज्ञापन वितरण करने में अत्यन्त विलम्ब कर दिया । यह मामले शासन की दृष्टि में लाये गये और उनको सुझाव दिया गया कि कमीशन को अपने विज्ञापन समाचार-पत्रों को सीधे भेजने का अधिकार दे दिया जाय । वर्ष के अन्त तक शासन से कोई आज्ञा प्राप्त नहीं हुई थी ।

२--<u>अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के समय उनके मौलिक हाई स्कूल सर्टिफिकेटों का परिवीक्षण करना</u>--उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इन्टरमीडिएट बोर्ड के सचिव से एक प्रतिवेदन प्राप्त होने पर कि हाई स्कूल के सर्टिफिकेटों में, विशेषरूप से जन्म-तिथि में, अन्तःक्षेप करने के दृष्टान्त बढ़ रहे हैं, कमीशन ने निर्णय किया कि अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत की हुई हाई स्कूल सर्टिफिकेटों की प्रतियां साक्षात्कार की तिथियों में उनके द्वारा लाये हुये मौलिक हाई स्कूल सर्टिफिकेटों इत्यादि से परिवीक्षण की जायें ।

३--<u>कमीशन द्वारा सीधी भर्ती के विषय में अनुदेशों का संशोधन</u>--अपने पर्यवलोकन में विविध सेवाओं तथा पदों पर सीधी भर्ती के मामलों का विन्यास करते हुये कमीशन ने गौर किया कि कभी-कभी नियुक्ति प्राधिकारी उन पदों के विज्ञापन के अधिग्रहण (requisition) के साथ जिनके कोई सेवा नियम नहीं थे, पर्याप्त सामग्री नहीं प्रस्तुत करते थे । इससे अग्रेतर पत्र-व्यवहार की आवश्यकता होती थी, जिसके फलस्वरूप उन अधिग्रहणों के निस्तारण (disposal) में विलम्ब होता था । कमीशन ने तदनुसार अधिग्रहण का एक फार्म बनाया और शासन से प्रार्थना की कि सचिवालय के सब विभागों को तथा विभागाध्यक्षों को आदेश दे दिये जायें कि वे अधिग्रहण-फार्म में दिये हुये सब विवरणों के साथ आलख्य विज्ञापन प्रस्तुत किया करें । शासन ने कमीशन द्वारा सीधी भर्ती के विषय में अनुदेशों को, जो कि सन १९४० में जारी किये गये थे,

पूर्ण रूप से संशोधित करने का निर्णय किया और कमीशन से एक आलेख्य तैयार करने को कहा। कमीशन ने संशोधित अनुदेशों का एक प्रयोगात्मक आलेख्य तैयार किया और शासन को अनुमोदनार्थ भेजा। इस वर्ष में उसको अन्तिम रूप न दिया जा सका।

४--अवसर प्राप्त (retired) सरकारी कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति--निष्क्रान्त सम्पत्ति विभाग में शासन ने कमीशन से कुछ पदधारियों की, जो कि उस विभाग में कार्य कर रहे थे, पुनर्नियुक्ति को जारी रखने के लिये निर्देश किया। उनमें से एक पदाधिकारी ६७ वर्ष का और एक ७० वर्ष का था। कमीशन ने महसूस किया कि कुछ आयु-सीमा निर्धारित हो जानी चाहिये, जिसके उपरान्त पुनः नियुक्ति की आज्ञा नहीं दी जानी चाहिये। उन्होंने तदनुसार शासन को नियुक्ति (ख) विभाग में सुझाव दिया कि उनके मत में ६० वर्ष की अवस्था तक ही नियम के अनुसार पुनर्नियुक्ति की आज्ञा दी जानी चाहिये। विशेष परिस्थितियों में जहां ऐसी नियुक्ति न्यायसंगत हो ६५ वर्ष की अवस्था तक भी स्वीकृति दे दी जाय, परन्तु ६५ वर्ष की अवस्था के बाद सिवा टेक्निकल या विशेषज्ञ सेवाओं के मामलों में पुनर्नियुक्ति के चलते रहने की स्वीकृति नहीं देनी चाहिये और उन सेवाओं में भी केवल इस आधार पर कि उस आयु-सीमा में कोई उपयुक्त व्यक्ति अपेक्षित योग्यतायें रखता हुआ न मिलता हो। शासन से प्रार्थना की गई कि इस विषय में शीघ्र निर्णय लें और सचिवालय के सब विभागों के पथ-प्रदर्शन के लिये एक सामान्य नीति स्थापित कर दें। उपर्युक्त परामर्श शासन को अप्रैल, १९५४ में दिया गया था। यद्यपि उन्होंने उन सबकी सेवायें, जो कि ६० वर्ष की अवस्था से अधिक थे, तुरन्त समाप्त कर दीं, उन्होंने इस मामले में सामान्य नीति के विषय में कोई अन्तिम निर्णय तीन-चार मास का अन्तर देकर कई अनुस्मारक भेजने पर भी अभी तक नहीं लिया है।

५--कार्यालय की मैनुअल का संशोधन--शासन के इस निर्णय को कि समग्रकालीन (wholetime) सरकारी कर्मचारियों को जब वे सेवा में लगे हों, विद्यालयों में भर्ती होने की आज्ञा नहीं देनी चाहिये, ध्यान में रखते हुये दफ्तर की मैनुअल के प्रासंगिक पैरा का उचित रूप से संशोधन किया गया। कमीशन के 'भूतपूर्व' अध्यक्ष तथा 'भूतपूर्व' सदस्यों को कार्यालय के पुस्तकालय से पुस्तकें देने के लिये भी कार्यालय की मैनुअल में निवेश किया गया।

६--अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही--(i) एक अभ्यर्थी के विरुद्ध जिसको कमीशन ने कोआपरेटिव इन्सपेक्टर के पद के लिये संस्तुत किया था, एक शिकायत प्राप्त होने पर कमीशन ने उसके पूर्ववृत्त की पूछ-ताछ की और यह पता चला कि उपर्युक्त पद के लिये प्रार्थना-पत्र भेजते समय उसने इस तथ्य को कि वह एकाउन्टेन्ट जनरल के कार्यालय में कर्मचारी था, छिपा लिया था और जान-बूझ कर अपने प्रार्थना-पत्र में मिथ्या विवरण प्रस्तुत किया। कमीशन को यह भी पता चला कि वह तत्पश्चात् दुराचार तथा अयोग्यता के कारण एकाउन्टेन्ट जनरल द्वारा सेवा से हटा दिया गया था। उत्तर प्रदेश सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से तदनुसार कहा गया कि उसको निलम्बित कर दें और उसके विरुद्ध कमीशन को धोखा देने के आरोप लगाये जायें और फिर पदच्युत कर दिया जाये। वर्ष के अन्त तक अन्तिम आज्ञा की प्रतीक्षा थी।

(ii) पिछले वर्ष के एक मामले में जिसमें कि एक अभ्यर्थी ने अपने फ्रूट डेवलपमेन्ट अफसर के पद की अभ्यर्थिता के सम्बन्ध में एक जाली सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया था और जिसका मामला कमीशन द्वारा शासन को प्रतिवेदित किया गया था, शासन ने उस अभ्यर्थी को सेवा से हटाने की आज्ञा दी।

(iii) सार्वजनिक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा में सहायक इंजीनियर के पद पर नियुक्ति के लिये अगस्त, १९५३ में संस्तुत किये गये अभ्यर्थियों में से एक का नियुक्ति-पत्र कमीशन की सम्मति से उस समय रद्द कर दिया गया जब शासन को यह पता चला कि उसका कार्य भूपाल शासन के अधीन जहां वह पहले नियुक्त था, अत्यन्त असन्तोषजनक था और उसकी ईमानदारी संशय से परे नहीं थी।

(iv) कमीशन द्वारा उसका प्रार्थना-पत्र अस्वीकृत होने पर, विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में भूगोल अध्यापन के सहायक अध्यापक के पद के लिये एक अभ्यर्थी ने एक पत्र लिखा, जिसमें उसने शासन तथा पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्यों के विरुद्ध अनादरपूर्ण तथा आपत्ति-जनक भाषा का प्रयोग किया। कमीशन ने इस मामले को गम्भीर दृष्टि से देखा और भविष्य में उनके द्वारा ली गई सब परीक्षाओं तथा चुनावों से उसको प्रतिवारित करने का अन्तरकालीन निर्णय किया। परन्तु कोई कार्यवाही करने के पूर्व उन्होंने अभ्यर्थी से पूछा कि अनादरपूर्ण तथा आपत्तिजनक भाषा प्रयोग करने के कारण उसको भविष्य की परीक्षाओं तथा चुनावों से प्रतिवारित क्यों न कर दिया जाय। अभ्यर्थी ने बिना ननुनच के क्षमा याचना की, क्योंकि वह उत्तर प्रदेश शिक्षा संचालक के अधीन कार्य कर रहा था, कमीशन ने सुझाव दिया कि उसकी चरित्रावली में एक प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी जाय। शिक्षा संचालक ने कमीशन का सुझाव मान लिया और उसकी चरित्रावली में एक प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी।

(v) ग्रामीण उद्योग के सुपरिन्टेंडेन्ट के पद के लिये एक अभ्यर्थी ने पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष को एक पत्र सीधे भेजा, जिसमें उसने कमीशन के द्वारा किये गये चुनावों के ठीक होने का संदेह किया। मामला शासन को प्रतिवेदित किया गया, जिन्होंने अभ्यर्थी को भविष्य में अधिक सावधान रहने के लिये चेतावनी दी और उसकी चरित्रावली में एक प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी।

(vi) कलेक्शन नायब तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की सम्मिलित परीक्षा में, जो कि फरवरी, १९५५ में हुई थी, दो अभ्यर्थी अनुचित साधन व्यवहार करते हुए पाये गये। कमीशन ने उन दोनों अभ्यर्थियों को उनके द्वारा भविष्य में ली जाने वाली परीक्षाओं तथा चुनावों से प्रतिवारित कर दिया।

७--अतिरिक्त कार्य--(क) श्री पीताम्बर दत्त पांडे, सदस्य, एकोनॉमी कमेटी की सभाओं में, जोकि लखनऊ में १२ अक्तूबर, १९५४ तथा जनवरी, १९५५ में हुई थी, सम्मिलित हुए और वहां उसी सम्बन्ध में नवम्बर, १९५४ के अन्तिम सप्ताह में भी गये।

(ख) सदा की भांति इस वर्ष भी कमीशन ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से निम्नलिखित परीक्षाओं का संचालन तथा उनकी देख-रेख की:--

(१) इंडियन एयर फोर्स परीक्षा (अप्रैल), १९५४।
(२) ज्वाइंट सर्विसेज विंग परीक्षा (जून), १९५४।
(३) मिलिटरी विंग परीक्षा (जून), १९५४।
(४) इंडियन नेवी परीक्षा (जुलाई), १९५४।
(५) इंडियन ऐडमिनिस्ट्रेटिव इत्यादि सेवाओं के लिये परीक्षा, १९५४।
(६) इंजीनियरिंग सेवाओं के लिये परीक्षा (दिसम्बर), १९५४।
(७) इंडियन नेवी परीक्षा (दिसम्बर), १९५४।
(८) ज्वाइंट सर्विसेज विंग परीक्षा (जनवरी), १९५५।
(९) मिलिटरी विंग परीक्षा (जनवरी), १९५५।
(१०) इंडियन ऐयर फोर्स परीक्षा (फरवरी), १९५५।

८--विशेष सहायता जो कमीशन को दी गयी--कमीशन साक्षात्कार के समय उनको सहायता देने के लिये प्रविधिक परामर्शकों की प्रतिनियुक्ति करने के लिये शासन तथा अन्य नियुक्ति अधिकारियों का कृतज्ञ है। वह इस प्रकार प्रतिनियुक्त किये गये विभागीय अफसरों तथा गैर-सरकारी परामर्शकों का भी उनके बहुमूल्य परामर्श के लिये कृतज्ञ है।

२०--सामान्य कथ्य तथा निष्कर्षीय वक्तव्य

१--कमीशन का बढ़ता हुआ कार्य--बेकारी की बढ़ती तथा विविध विकास योजनाओं के सम्बन्ध में सृजित की हुई नई सेवाओं के कारण कमीशन का कार्य तथा गतिविधि बढ़ती ही गयी। एक अतिरिक्त सदस्य दिसम्बर, १९५५ के अन्त में नियुक्त किया

गया और कुछ अस्थायी कर्मचारी (Ministerial Staff) भी शासन ने हाल में स्वीकृत किये हैं। परन्तु कुशलता तथा शीघ्रता से बराबर कार्य होने के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि कमीशन के सदस्यों की संख्या में और वृद्धि की जाय और उनके कार्यालय को उचितरूप से पुनः संगठित किया जाय।

२--परीक्षा-भवन तथा कार्यालय अधिवासन--यह सन्तोष की बात है कि आखिरकार इस प्रचलित वर्ष अर्थात् १९५६-५७ के आय-व्ययक में २ लाख रु० का निवेश कमीशन के लिये परीक्षा-भवन के निर्माण की शुरुआत के लिये किया गया है। परन्तु कर्मचारिवर्ग के लिये, जोकि बढ़ रहा है, कार्यालय अधिवासन भी अपर्याप्त साबित हो रहा है और यह आशा की जाती है कि कमीशन तथा उनके कर्मचारिवर्ग के लिये एक उचित तथा पृथक् इमारत की व्यवस्था शीघ्र ही की जायेगी।

३--टेक्निकल व्यक्तियों की दुर्लभता--यद्यपि सामान्य बेकारी है, पर जैसा कि इस रिपोर्ट के अध्याय ६ के पैरा १ में तथा पूर्व रिपोर्टों में लिखा गया है, टेक्निकल व्यक्तियों की दुर्लभता अब भी चल रही है। कुछ नये टेक्निकल तथा इंजीनियरिंग स्कूल शासन द्वारा और कुछ गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा खोले गये हैं और खोले जा रहे हैं। यह अभिलषनीय है कि टेक्निकल शिक्षा की इस प्रकार से व्यवस्था की जाय कि आगामी वर्षों में टेक्निकल व्यक्तियों की भी बेकारी न हो जाये।

४--पदोन्नतियां-- पिछली रिपोर्ट में कमीशन को यह कहने का अवसर मिला था कि डिसिप्लिनरी प्रोसीडिंग्स इन्क्वायरी कमेटी की संस्तुतियों के अनुसार पदोन्नति के चुनाव के लिये योग्यता को ही केवल आधार अपनाने के कारण उनका कार्य पर्याप्त मात्रा में बढ़ गया था। कमीशन को अब विभागीय चुनाव समितियों की संस्तुतियों का प्रत्यालोचन केवल इस लिये ही नहीं कि चुनाव मेरिट के सिद्धान्त पर हुए हैं, परन्तु इसलिये भी कि वे यह देख सकें कि कोई ज्येष्ठ उपयुक्त अफसर बिना पर्याप्त औचित्य के छोड़ नहीं दिया गया है, करना पड़ता है। कमीशन ने विचारा कि इस प्राथमिक चुनाव का द्वितीयक पहिले विभागीय चुनाव समिति के द्वारा और तदुपरान्त कमीशन द्वारा सारे मामले का पुनः विचार करना बचाया जा सकता था। उनके सुझाव पर शासन ने पदोन्नति द्वारा भर्ती करने की कार्य-पद्धति को अब संशोधित कर दिया है। इस संशोधित कार्य-पद्धति के अनुसार ऐसे चुनाव एक चुनाव समिति द्वारा किये जाते हैं, जिसमें कमीशन का एक प्रतिनिधि उसका सभापतित्व करता है। विभागीय अध्यक्ष या नियुक्ति प्राधिकारी या शासन का सचिव, यथाप्रसंग और विभाग का एक और ज्येष्ठ अफसर जिसको कि नियुक्ति प्राधिकारी या शासन मनोनीत करे, सम्मिलित होते हैं।

५--आभार प्रदर्शन--कमीशन को इस बात का सन्तोष है कि सिवा कुछ पृथक् मामलों के, जोकि इस रिपोर्ट में निर्देशित किये गये हैं, शासन तथा अन्य नियुक्ति अधिकारियों ने संविधान तथा पब्लिक सर्विस कमीशन के (कार्य-सीमन सम्बन्धी) विनियमों के निवेशों का पालन किया और उनके द्वारा दिया गया परामर्श मान लिया। वे मुख्य मन्त्री के इसलिये विशेषरूप से कृतज्ञ हैं कि जब कोई मामला उनकी दृष्टि में लाया गया, उस पर उन्होंने अविलम्ब उचित कार्यवाही की।

राम नरेश लाल,

सचिव।

परिशिष्ट १

कमीशन के १९४८–४९ से १९५४–५५ तक के कार्यों की सूची

विवरण	वर्ष						
	१९४८–४९	१९४९–५०	१९५०–५१	१९५१–५२	१९५२–५३	१९५३–५४	१९५४–५५
१	२	३	४	५	६	७	८
१—परीक्षा द्वारा चुनाव—							
(१) वर्ष में ली गई परीक्षाओं की संख्या	१९	१४	९	११	१०	१२	१०
(२) प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	४,६८९	४,४४०	३,६३६	४,९८७	६,०८२	८,०६९	९,७२०
(३) अभ्यर्थियों की संख्या जिन्हें परीक्षाओं में बैठने की आज्ञा प्रदान की गई	३,७५८	३,७५५	२,९५७	४,३१४	५,०६९	६,५६६	७,७१३
(४) परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	२,६६२	३,०८५	२,२९०	३,२२९	४,०८४	५,१३२	६,३०७
(५) साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	६१२	६३७	५२५	५९०	४५३	५५२	२५१
(६) चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या	२८२	४७३	१०९	१९०	१८२	१७७	१७०

कमीशन के १९४८–४९ से १९५४–५५ तक के कार्यों की सूची––(क्रमशः)

विवरण	वर्ष						
	१९४८–४९	१९४९–५०	१९५०–५१	१९५१–५२	१९५२–५३	१९५३–५४	१९५४–५५
१	२	३	४	५	६	७	८
––विज्ञापन के उपरान्त चुनाव द्वारा भर्ती––							
(१) विज्ञापनों की संख्या	...	१२२	१०६	१२४	१५४	१६२	१८४
(२) विज्ञापित पदों की संख्या जिनके लिये चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया/	१,७६८	१,११९	१,१७९	४६०	४०४	९१८	१,१८३
नहीं किया जा सका	५०४	७०६	१५२	१४०	१९५	४४५	३९६
(३) आवेदन-पत्रों की संख्या जिनके लिये चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया/	१०,३७२	५,१२९	५,९०२	२,९३०	८,३९७	७,७४७	५,५८५
नहीं किया जा सका	३,४०२	३,८५३	१,२६०	२,५५५	४,७२९	२,८४४	३,९७९
(४) साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	२,४८७	१,८७५	२,०९९	९८०	१,२६९	१,६५२	२,०२४
(५) चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	१,५२२	९९२	१,१३८	५४२	५१७	८९७	१,१६९

––अन्य विवरण––

(१) ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या जिन पर निम्न लिखित मामलों के सम्बन्ध में विचार किया गया––

[१] बिना विज्ञापन के भर्ती	...	७६	४९	९८	६१७	४२५	७४
[२] पदोन्नति	३३७	४१६	४०२	३१४	२१७	५२५	६२३
[३] अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण	...	६९७	६८९	६२३	७६४	१,१८९	१,४०१
[४] स्थानान्तरण द्वारा चुनाव	९	२	९	४	८	९	५
[५] पुष्टिकरण	२७३	३४७	१०१	३५०	६८	१६१	८२
(२) विलीनीकृत राज्यों के उन पदाधिकारियों की संख्या, जिन्हें प्रादेशिक सेवाओं में अन्तर्निधान करने के हेतु विचार किया गया	...	३७	११४	१९७	६८	१७	१६
(३) निबटाये हुये अनुशासनात्मक मामले तथा पुनरावेदन	३३	४८	५७	५५	९२	८०	६३
(४) निबटाये हुये असाधारण पेंशन तथा/अथवा उपदान के मामले	१५	१२	४५	२७	२३	१६	१९
(५) निबटाये हुये वैध व्ययों के लौटाने वाले मामले	५	३	९	६	५	९	९
(६) सेवा नियम और उनके संशोधन, जिन पर विचार किया	२०	२३	३१	२४	२५	३७	४२
(७) विविध निर्देश	१४	२१	२३	१७	२३	३८	७३

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती--

क्रम-संख्या	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१	उत्तर प्रदेश सिविल (एक्जीक्यूटिव) सर्विस	२४					
	उत्तर प्रदेश पुलिस सर्विस और	३					
	उत्तर प्रदेश फाइनेन्स एवं एकाउन्ट्स सर्विस के लिये सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा, १९५३	३	१,७८३	१,४२२	१,०७३	३ से ५, ७ से १२, १४ से १९ और २१ से २४, दिसम्बर, १९५३	(i) अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद (ii) सेनेट हाल, इलाहाबाद

२

सन् १९५४-५५ ई०

सुपरवाइजर का नाम	साक्षात्कार तथा मौखिक परीक्षा की तारीख	प्राविधिक सलाहकार का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या	विशेष विवरण
९	१०	११	१२	१३	१४
श्री यू० एस० वर्मा, ईविंग क्रिश्चियन कालेज, इलाहाबाद के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डा० आई० डी० केलब, सहायक रजिस्ट्रार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय	२८ से ३० अप्रैल; १ तथा ३ से ६ मई, १९५४	श्री डब्ल्यू० ए० सी० पियर्स, आई० पी०, डिप्टी इन्स्पेक्टर जेनरल आफ पुलिस, प्रधान केन्द्र, इलाहाबाद	१२८	३६	उत्तर प्रदेश सिविल (एक्जीक्यूटिव) सर्विस में बाद में ६ रिक्त स्थान और हो गये

परिशिष्

परीक्षा द्वारा भर्ती-

क्रम-संख्या	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
२	कानूनगो, १९५४	५०	६८६	५६७	४३५	२६ से २८ जुलाई, १९५४	अधिकारी, प्र शिक्षणस्कूल, इलाहाबाद
३	रेन्जर्स कोर्स १९५५-५७	५	२६५	२४६	२१८	२१ से २३ अक्तूबर, १९५४	तदेव
४	वरिष्ठ वन सेवा कोर्स (सुपीरियर फारेस्ट्स सर्विस कोर्स) १९५५-५८	१	२६	२६	२४	३ से ६ नवम्बर, १९५४	लोक सेवा आयोग कार्यालय, इलाहाबाद

२

सन् १९५४-५५--(क्रमशः)

सुपरवाइजर का नाम	साक्षात्कार तथा मौखिक परीक्षा की तारीख	प्राविधिक सलाहकार का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या	विशेष विवरण
९	१०	११	१२	१३	१४
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	८ और ११ से १४, अक्तूबर, १९५४	..	७५	५१	५१वां अभ्यर्थी भी प्रशिक्षण के लिये चुना गया, क्योंकि उसने ५०वें अभ्यर्थी के अंकों के बराबर अंक प्राप्त किये थे।
तदेव	२१ और २२ दिसम्बर, १९५४	श्री जे० आर० सिंह, आई० एफ० एस०, कंजरवेटर आफ फारेस्ट्स, पश्चिमी वृत्त, उत्तर प्रदेश	४०	५	..
श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	२० दिसम्बर, १९५४	तदेव	८	१	

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती--

क्रम-संख्या	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
५	उत्तर प्रदेश सिविल (एक्जीक्यूटिव) सर्विस और उत्तर प्रदेश पुलिस सर्विस के लिये सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा, १९५४	८ ८	१,३१७	१,०१२	७७४	१ से ४, ६, ७, ९ से ११, १३ से १८ और २० से २२ दिसम्बर, १९५४	(i) अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद (ii) सेनेट हाल, इलाहाबाद
६	उत्तर प्रदेश सचिवालय के लिये अवर वर्ग सहायक, १९५४ रेगुलर विभागीय	 १७ १८	८१७	७७८	७३१	२३ व २४ दिसम्बर, १९५४	(i) सेनेट हाल, इलाहाबाद (ii) क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ

२

सन् १६५४-५५--(क्रमशः)

सुपरवाइजर का नाम	साक्षात्कार तथा मौखिक परीक्षा की तारीख	प्राविधिक सलाहकार का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या	विशेष विवरण
९	१०	११	१२	१३	१४
श्री शिवलाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	..	मौखिक परीक्षा आलोच्य वर्ष के अन्तर्गत नहीं की जा सकी ।
डा० आई० डी० कैलब, सहायक रजिस्ट्रार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय	..	..	...	...	...
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	..	.	.	...	.
डा० सी० एम० ठाकुर, प्रिंसिपल, क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ	...	.	.	.	.

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती--

क्रम-संख्या	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
७	उत्तर प्रदेश सचिवालय के लिये प्रवर वर्ग सहायक, १९५४		१,४२६	१,२९७	१,०९४	२७ से २९ दिसम्बर, १९५४	(i) अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद (ii) सेनेट हाल, इलाहाबाद (iii) क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ
	रेगुलर	२८					
	विभागीय	१४					
८	कलेक्शन नायब तहसीलदार (सीजनल), १९५४	१९०	४०६	३९६	३८७	१४ व १५ फरवरी, १९५५	सेनेट हाल, इलाहाबाद

२

सन १९५४-५५--(क्रमशः)

सुपरवाइजर का नाम	साक्षात्कार तथा मौखिक परीक्षा की तारीख	प्राविधिक सलाहकार का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या	विशेष विवरण
९	१०	११	१२	१३	१४
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	४२*	*नियुक्ति के आदेशों की प्रतीक्षा की जा रही है।
श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश					
डा० सी० एस० ठाकुर, प्रिंसिपल, क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ					
